47 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित-एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. 81।
48 सम०क० 8, पृ. 798।
49 मोतीचन्द्र—प्राचीन भारतीय वेशभूषा, पृ. 31।
50 कुमारसंभव-6/92।
51 हर्षचरित 1, पृ. 34:4; 145 : कादम्बरी पृ. 31[illegible], 323।
52 हर्षचरित 1, पृ. 10।
53 सम०क० 4, पृ. 254, 269: [illegible], 423, 444: 6; 495: 9, 862।
54 ए. के. मजूमदार-चालुक्याज आफ गुजरात, पृ. 356।
55 यशस्तिलक—पृ. 159 (वपुप्रभापटल दुकूलोत्तरीयम्)।
56 यशस्तिलक—पृ. 316—'उत्तरीयदुकूलांचलपिहितविम्बिना।'
57 अमरकोष 2/6/118-(संव्यानमुत्तरीयं च)।
58 हर्षचरित 1, पृ. 34:5; 162 : कादम्बरी पृ. 85, 95, 138, 174।
59 हर्षचरित 1, पृ. 34:4; 143।
60 सम०क० 7, पृ. 656, 661।
61 अथर्ववेद 14/2/66-67।
62 आदिपुराण 47/46।
63 व़ाटर्स, आन युवानच्वांग 1, पृ. 148।
64 सम०क० 8, पृ. 766।
65 वही 7, पृ. 656, 661।
66 भगवतीसूत्र 11/9/417: 15/1/541/1।
67 सम०क० 2, पृ. 95।
68 मोतीचन्द्र—प्राचीन भा०वेश०, भूमिका पृ. 4।
69 वही, पृ. 23।
70 आदिपुराण 12/176 : 8/8।
71 सम०क० 9, पृ. 974।
72 वही 9, पृ. 974।
73 जे. सी. सिकदार 'स्टडीझ इन भगवती सूत्र, पृ. 241।
74 सम०क० 1, पृ. 31:2; 96, 100, 131, 5, 452: 6, 581; 595: 7; 639, 698: 9. 911।
75 अमरकोष—2/6/130 (कुण्डलं कर्णवेष्टनम्)

76 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, फलक 20, चित्र 78
77 दशरथ शर्मा—अर्ली चौहान डायनेस्टीज, पृ. 263 में उद्धृत।
78 यशस्तिलक—पृ. 367 (कुण्डलाभ्यामलंकृतश्रवणा)।
79 वही पु. 159 (कपोलकान्तिकुण्डलितमुखमंडलम्)
80 आदिपुराण 33/124 : 9/190 : 14/11।
81 वही 4/177 : 15/189।
82 वही 3/78।
83 वही 16/33।
84 स[illegible] पृ. 31:7; 714:15, 16, 724।
85 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित-एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. 131।
86 वही पृ. 176 में उद्धृत।
87 आदिपुराण—29/167।
88 सम०क० 1, पृ. 31: 2, 100: 7, 638।
89 अमरकोष 2/6/107 (केयूरमंगदं तुल्ये)।
90 भर्तृहरि 2/19 (केयूरा न विभूषयन्ति पुरुषं...) देखिये—रघुवंश 6/68; कुमारसंभव 7/69
* यशस्तिलक पृ. 617 (केयूरं चरणे धृतं विरचितं हस्ते च हिञ्जीरिकम्)।
91 सम०क० 2, पृ. 96, 98।
92 दशरथ शर्मा—अर्ली चौहान डायनेस्टीज, पृ. 262।
93 यशस्तिलक—पृ० 67 (सरत्नोर्मिकाभरण:)
94 वही—उत्तर० पृ० 131 (प्रसादीकरोत्यङ्गुलीयकम्)।
95 हर्षचरित 1, पृ. 10 (कम्बुनिर्मितोर्मिका)।
96 अ. के. मजूमदार—चालुक्याज ऑफ गुजरात, पृ. 359 में उद्धृत।
97 सम०क० 6, पृ. 597 (ठवेमि एवस्स समीवे छिन्नकण्णकंठाहरणं)।
98 भर्तृहरि० 2/71 (दानेन पाणिर्न तु कंकणेन विभाति...)
99 यशस्तिलक पृ. 15।
100 सम०क० 2, पृ. 82, 95: 4, 269: 6, 493: 7, 639: 8, 744: 9, 911
101 हितोपदेश 2/71 (नहि चूडामणि: पादे नूपुरं मूर्ध्नि धार्यते)।
102 आदिपुराण 7/237: 12/22: 5/268: 7/129।
103 दशरथ शर्मा—अर्ली चौहान डायनेस्टीज, पृ. 262।
104 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित-एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. 61।
105 सम०क० 4, पृ. 254, 285।
106 भगवतीसूत्र 11/11/430।
107 आदिपुराण 16/50।
108 सम०क० 2; पृ. 76, 85, 91, 99, 100: 3; 220: 5, 380, 452:6, 495: 7, 610-11, 627, 639, 698: 9: 911।
109 ऋतुसंहार 1/4: 2/18: मेघदूत—उत्तरमेघ 30 : कुमारसंभव 5/8।

110 ऋतुसंहार 1/6।
111 वही 1/8।
112 रघुवंश 5/52।
113 वही 6/60।
114 आदिपुराण 16/58।
115 सम०क० 9, पृ. 911।
116 अमरकोष 2/6/106
117 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित–एक सांस्कृतिक अध्ययन पृ. 102।
118 यशस्तिलक, पृ. 288 (तारतरलमुक्ताफलाम्) : देखिये अमरकोष [illegible]।
(तरला हारमध्यगा)।
119 सम०क० 5, पृ. 384:6; 597:7; 644।
120 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित–एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. 24।
121 भगवतीसूत्र 9/33/380
122 आदिपुराण 15/23।
123 यशस्तिलक, पृ. 100 (मुखरमणिमेखलाजालवाचालितबहलपञ्जमालिप्तिः)।
124 सम०क० 2, पृ. 100: 4, 265: 7, 638, 644, 659।
125 आदिपुराण 13/69: 16/235: 16/19।
126 सम०क० 5, पृ. 384:6; 597:7: 644।
127 आदिपुराण 15/193।
128 सम०क० 9, पृ. 911—देदीप्यमानमुकुट।
129 मोतीचन्द्र—प्राचीन भारतीय वेशभूषा–भूमिका पृ. 22।
130 आदिपुराण 9/41 : 10/126 : 15/5 : 16/234।
131 भगवतीसूत्र—9/33/385 : 11/11/428।
132 सम०क०, 2, पृ. 85, 96; 7, पृ. 606।
133 वासुदेवशरण अग्रवाल—हर्षचरित—एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. 24।
134 आदिपुराण 14/8 : 4/94।
135 वही, 11/113 : 29/167।

गीता और कालिदास

गौतम पटेल

लोकप्रचलित दंतकथा के अनुसार महाकवि कालिदास का[illegible] की कृपा से मूर्ख होते हुए भी विद्वान बने; किन्तु उनके द्वारा र[illegible] साहित्य का परिशीलन करने वाले अनेक विद्वान निश्चयपूर्वक इस निष्[illegible] पर आये कि कालिदास को समकालीन ज्ञान की प्रचलित सभी शाखाओं का [illegible]त्तम तलस्पर्शी अभ्यास था। उन्होंने महाभारत का सामान्यरूप से एवं गीता का सविशेषरूप से अभ्यास किया था—यह गीता और उनकी कृतियों के सूक्ष्म अवलोकन द्वारा ज्ञात होता है। इस सिद्धांतकल्पना की समर्थना करने का प्रयत्न इस गवेषणात्मक लेख में किया गया है।

रघुवंश के राजाओं के गुण :

रघुवंश के आरंभ में रघुवंश के राजाओं का गुणवर्णन विस्तृतरूप से कालिदास ने दिया है।[1] गीता के १६ वें अध्याय में निरूपित दैवीसंपत्ति के कतिपय गुणों का स्पष्ट निर्देश है। उदा०....'आजन्मशुद्धानाम्' में शुचि–पवित्रता, 'यथाविधिहुतानाम्' में यज्ञ, 'यथाकामार्चितार्थिनाम्' में दान और 'शैशवेऽभ्यस्तविद्यानाम्' में स्वाध्याय जैसे दैवीगुणों का सुस्पष्ट आलेखन हुआ है।

रघुवंश के व्यक्तिगत राजाओं के चरित्र में दैवी संपत्ति का दर्शन सरलरूप से होता है। गौरक्षा के लिए पंचभौतिकपिंडरूप स्वदेह की ओर अनास्था प्रदर्शित करने वाला दिलीप जगत के अेकातपत्र प्रभुत्व को भी दाँव में लगाता है। यहां गीता के 'असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु'[2] शब्द याद आते हैं। दिलीप ने अनातुर रहकर धर्म का पालन किया और अनासक्त बन कर सुख का उपभोग किया।[3] क्या ऐसा नहीं प्रतीत होता कि यहां गीता की अनासक्तयोग की भावना उनके जीवन में सार्थक हुई है? रघु का चरित्र उनको समग्रवंश के नायक बनाने के लिए पर्याप्त है। देवराज इन्द्र भी कहते है कि 'गृहाण शस्त्रं यदि सर्ग एष ते।[4] इस नृप में गीता के क्षत्रिय के स्वाभाविक गुण मूर्तिमंत होते हैं।

"शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्। दानमीश्वरभावश्च क्षात्रकर्म स्वभावजम्।"[5]

इस श्लोक का पूर्वार्ध इन्द्र के साथ युद्ध में और उत्तरार्ध कौत्सप्रसंग में रघु के जीवन में चरितार्थ होता हुआ दिखाई पडता है। रघु के लिए कालिदास ने 'दक्षिण, लब्धप्रशमन, स्वस्थ, प्रसादसुमुख...' जैसे शब्द प्रयुक्त किये हैं। जिसके पर्याय गुण के रूप में गीता में मिलते हैं।

" यस्मान्नोद्विजते लोकः "[6] का सिद्धांत रघु के जीवन में चरितार्थ हुआ है। कालिदास के शब्दों में 'राजा प्रकृतिरञ्जनात्'[7] है। अपने सुयोग्य पुत्र अज को गद्दी पर सुप्रतिष्ठित करके स्वर्ग के भी विनाशधर्मी विषयों में आत्मवित् राजा रघु स्पृहारहित रहे।[8] स्वर्ग और उनके सुख क्षणिक हैं—ऐसा गीता भी कहती है।[9] राज्य को छोड कर कुलपरंपरानुसार वल्कल धारण कर के रघुराजा पुत्र की विनंती से वन में नहीं मगर नगर बाहर जा कर रहे। अविकृतेन्द्रियः, प्रशमस्थितः, यतिलिङ्गधारी और अपवर्गार्थी राजा रघु धर्म के अंशावतार के रूप में शोभायमान हुए। 'अनपायिपदोपलब्धये' रघु यतिओं के साथ रहे, समाधि और अभ्यास द्वारा शरीर के पंचप्राणों को वश में कर के ज्ञानाग्नि से स्वकर्मों को भस्मीभूत करने का विचार किया—'अपरो दहने स्वकर्मणां ववृते ज्ञानमयेन वह्निना।'[10] यहां गीता के ज्ञान की यशोगाथा का गान करता हुआ श्लोक स्मृतिपट पर प्रतिबिंबित होता है।...

यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ! ।
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा ॥[11]

ज्ञानाग्नि में स्वकर्मों का दहन कर के, रघु त्रिगुणातीत बनकर 'समलोष्टकाञ्चनः' बना। " रघुरप्यजयद्गुणत्रयं प्रकृतिस्थं समलोष्टकाञ्चनः।" यहां इस स्थल में तो ऐसा प्रतीत होता है कि कालिदास गीता के विचारो के उपरान्त भाषाशैली का भी अनुसरण करते हैं। और गीता के शब्दों में लोष्ट और अश्म दो शब्दो में से केवल अश्म को रखा। मानों उनको वह पुनरावर्तन अकाव्यमय लगा हो। गीता के गुणत्रय विभागयोगः (अ. १४) में त्रिगुणातीत के लक्षण दिखाते हुए भगवान 'समलोष्टाश्मकाञ्चनः'[12] शब्द प्रयुक्त करते हैं। इन शब्दों को छंद की आवश्यकतानुसार बदलकर; 'अश्म' शब्द की पुनः उक्ति दूर करके, कालिदास रघुवंश में प्रयोजित करते हैं। इस पंक्ति में गुणत्रय को 'प्रकृतिस्थ' कहा है—यह गीता में अनेक बार निर्दिष्ट हुआ है।[13]

परमात्मा का जब तक दर्शन न हुआ तब तक स्थिरधी रघु योगविधि में से विरक्त नहीं हुए और तम से पर अव्यय ऐसे पुरुष का योगसमाधि द्वारा साक्षात्कार जब समदर्शी रघुने किया तब वह योग विधि से विरक्त हुआ।[14] यहां स्थिरधी शब्दप्रयोग गीता के 'स्थितप्रज्ञ' की याद दिलाता है। परमपुरुष तमसः पर अव्यय है और इसे समदर्शी बन कर योगसमाधि से प्राप्त किया जा सकता है। यह गीता का सर्वमान्य सिद्धांत है।[15] रघुराजा के अंत्येष्टिकर्म में भी अज ने गीता में निर्देशित एक सिद्धांत का उल्लेख किया है। " विदधे विधिमस्य नैष्ठिकं यतिभिः सार्धमनग्निमग्निचित् "।[16] अग्निहोत्री अज ने रघु का अग्निरहित अंत्येष्टिसंस्कार यतिओं के साथ किया। रघु संन्यासी था इसलिए अग्नि को स्पर्श नहीं करता था अतः उसका "अनग्निं नैष्ठिकं विधिं" करना पडा। गीता में भी संन्यासी को 'अन्--अग्निम' कहा है, मगर सच्चा संन्यासी तो कर्मफलत्यागी ही है।[17] चरित्रनायक रघु के जीवन में गीता के आदर्श और विचारधाराएं कालिदास ने विष्णु के अवताररूप राम के जीवन से भी विशिष्टरूप से मूर्तिमंत की है।

कालिदास गुरुमुख द्वारा अज को 'वशिनामुत्तम' कहलाता है। कालिदास को 'वशी' शब्द अत्यंत प्रिय है क्योंकि अनेक राजाओं के लिए यह शब्द प्रयुक्त किया है।[18] संभवतः स्वयं कवि ही 'वशिनामुत्तम' होगा। उनके अनेक नायक जितेन्द्रिय भी वर्णित हैं।[19] "अनग्निं नैष्ठिकं विधिं" पृथ्वी का स्वीकार अज पिता की आज्ञा से करता है, भोगतृष्णा से नहीं।[20] दशरथ समाधि से जितेन्द्रिय बने। उसमें इन्द्र समक्ष भी कृपणता नहीं, परिहास में भी असत्य नहीं और दुश्मनो की और भी वे परुषाक्षरवाग् नहीं।[21] यहां दशरथ राजा में गीता के वाङ्‌मयतप का सर्वथा [illegible] स्पष्ट प्रतीत होता है। गीता अनुद्वेग, सत्य, प्रिय, हितकारी वाक्य तथा स्वाध्याय और अभ्यास को वाग्तप कें रूप में आलेखित करती है।[22] रा[illegible]ता के समत्व-योग की झलक पराकाष्ठा को पहूँची। अभिषेक के [illegible] मंगलमय वस्त्र धारण करते और जंगल में जाते समय वल्कल धार[illegible] करते उनके मुख पर जनता विस्मयपूर्वक अस्खलित आनन्द देखती है। राम को गीता के अनुसार स्थितप्रज्ञ ही कहना होगा क्यों कि वे दुःख में अ[illegible]-उद्विग्न और सुख में स्पृहारहित है। उन्हें शुभ और अशुभ से अनुक्रमसे प्रसन्नता और द्वेष भी नहीं।[23] सुख-दुःख, लाभालाभ, जय-पराजय, सबमें समभावी राम समत्वयोगी है।[24] सीतात्याग की द्विधा में दोला-चलवृत्तियुक्त राम को कालिदास ने इन्द्रियार्थ ही नहीं स्वदेहार्थ से भी स्पृहारहित कहा है। आगमापायी, अनित्य, संस्पर्शयुक्त भोगों से परे राम को कालिदास ने गीता के शब्दों में 'बुधः' सिद्ध किया है।[25] सीता त्याग के पीछे धीमान् वर्णाश्रम के जागरुक राम रजोगुण से पर होकर राज्यशासन करते हैं। यहाँ गीता की लोकसंग्रह और कर्मयोग की भावना राम के चरित्र में चरितार्थ दिखाई देती है। भरत राज्यतृष्णा-पराङ्‌मुख है।[26] लव और कुश वीतस्पृह, वशी, परस्त्रीविमुखवृत्ति और पुष्पाभरणों को समान मानने वाले धीर हैं।[27] कर्मयोगी, भक्त और त्रिगुणातीत मानवों के मन की समानता का गुण भी उसमें हैं। राजा अतिथि में दर्प के कारण वपु, रूप, विभूति इत्यादि प्रत्येक गुण थे, किन्तु उनका मन उन्मत्त नहीं हुआ।[28] आंतरिक षड् शत्रुओं पर उन्होंने विजय प्राप्त की। निषध सागरधीरचेता और नल धर्मात्मा थे। इस प्रकार परिशीलन करने से ज्ञात होता है कि रघुवंश के अनेक राजाओं के जीवन में गीता के सिद्धांत और गुणों का आविर्भाव हुआ है।

दुष्यंत वशी और परस्त्रीपराङ्‌मुखवृत्तियुक्त है।[29] गीता में प्रदर्शित प्राणी-मात्र के साथ मित्रता की भावना दुष्यंत में विरहकाल में भी है।[30] यह ध्यान देने योग्य सच्चाई है कि सर्व भूतों के साथ द्वेषहीन मित्र, सकरुण, निर्मम और निर-हंकारी भक्त भगवान को प्रिय है।[31]

कर्मयोग

गीता के कर्मयोग जैसे सिद्धांत कालिदास की कृतिओं में स्वाभाविक रूप से आलेखित हैं। सहज कर्म दोष से युक्त हो तो भी त्यागना नहीं चाहिए क्योंकि प्रत्येक कर्म धूम्र से युक्त अग्नि की तरह दोषयुक्त होता है।

सहजं कर्म कौन्तेय ! सदोषमपि न त्यजेत् ।
सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः ॥[32]

इस विचार का प्रतिघोष कालिदास में उदाहरण सहित सुस्पष्ट हुआ है ।....

" सहजं किल यद्विनिन्दितं न खलु तत्कर्म विवर्जनीयम् ।
पशुना रणकर्मदारुणोऽनुकम्पामृदुरेव श्रोत्रियः ॥ "[33]

कितना साम्य है । इन दोनों अवतरणों में 'सहज' और 'कर्म' शब्द एक ही है । 'न त्यजेत्' के पर्याय रूप से कालिदास 'न विवर्जनीयम्' प्रयुक्त करते हैं । 'सदोषम्' के बदले 'विनिन्दितम्' कहते हैं । दूसरी पंक्ति में दी गई यश की कल्पना भी कालिदास को [illegible] के धूम और अग्नि की उपमा से सूझी होगी । गीता भी यश को 'न त्यजेत्-कार्यमेव' हो [illegible] है ।[34] क्योंकि वह मनुष्य को पवित्रता देता है । ऐसा प्रतीत होता है कि यहां '[illegible]' अर्थात् कहते हैं ऐसा प्रयोग देकर कालिदास गीता का अवतरण देना चाहते हैं । कालिदास गीता के सुप्रसिद्ध निष्काम कर्म के सिद्धांत से अनजान नहीं । शिव 'केनापि कामेन' तप करते हैं तो सुदर्शन 'फलनिस्पृह' बन के तप करते हैं ।[35]

अवतारवाद

गीता का सुप्रसिद्ध सिद्धांत अवतारवाद भी कालिदास के सर्जन में अनेक स्थलों पर उल्लेखित हुआ है । विष्णु के वराह, नृसिंह, वामन, राम और गोपवेशधारी कृष्ण के अवतारों का सीधा निर्देश है ।[36] रघु और अज को लेखक यति और नृपवेशधारी धर्म और योग का अंश मानते हैं ।[37] राजा दशरथ पृथ्वी पर तीन रानियों से युक्त होने के कारण तीन प्रकार की शक्तियों से युक्त इन्द्र के अवतार के समान शोभित थे ।[38] कालिदास अवतार शब्द का भी स्पष्ट प्रयोग करते हैं । राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न को धर्म–अर्थ–काम और मोक्ष के देहधारी अवतार माने हैं । धर्मार्थकाममोक्षाणामवतार इवाङ्गभाक् ।[39] गीता निर्दिष्ट अवतार के प्रयोजन से कालिदास अनजान तो नहीं हैं । धर्मसंरक्षणार्थैव प्रवृत्तिर्भुवि शार्ङ्गिणः ।[40] विष्णु की पृथ्वी पर आनेकी प्रवृत्ति धर्मरक्षणार्थ है । विष्णु 'अज'–अजन्मा है तो भी जन्म धारण करते हैं । यह सत्य कालिदास और गीता में समानतया दिखाई पडता है ।

अजस्य गृह्णतो जन्म[41] ऐसा कालिदास और 'अजोऽपि सन्...संभवाम्यात्ममायया'[42] ऐसा गीताकार कहता है । ईश्वर के जन्म ओर कर्म के प्रयोजन लोकानुग्रह है । कालिदास कहते हैं कि ईश्वर को कुछ भी प्राप्त करना बाकी नहीं । उदा०...

अनवाप्तमवाप्तव्यं न ते किंचन विद्यते ।
लोकानुग्रह एवैको हेतुस्ते जन्मकर्मणोः ॥[43]

इसके साथ गीता का श्लोक भी देखिये—

न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि ॥
यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।

मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ ! सर्वशः ॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् ।
संकरस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥[44]

शब्द और सिद्धांत में कितना आश्चर्ययुक्त साम्य ! और कालिदास की सुषमापूर्ण शैली का स्पर्श भी। अंतिम दो श्लोकों के समग्र सिद्धांत को उन्होंने श्लोकार्ध में रखा। मिताक्षरी–सरस कथनशैली कालिदास की कला की आत्मा है। दुष्यंत के चरित्र में स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यसे लोकहेतोः[45] की उक्ति गीता की लोकसंग्रह भावना का स्पर्श करती है। रघु के चरित्र में स्थिरधीरा[46] और वसिष्ठ के संदेश में स्थिरधीः[47] शब्दप्रयोग कालिदास गीता के स्थितप्रज्ञ से विदित हैं, यह सिद्ध होता है।

विभूतियोग :

गीता के विभूतियोग विचार से भी कालिदास सुपरिचित हैं। कवि कहते हैं कि रघु की यशविभूतियाँ हँसो के [illegible] में, तारकगण में और कुमुदयुक्त जल में प्रसारित हो गई।[48] कवि प्रभु के लिए प्रणवः छन्दसामिव कहते हैं। तब मन में भ्रान्ति होती है कि क्या यह पद विभूतियोग से तो नहीं लिया गया ? गीताकार के अनुसार गीता में भी ईश्वर प्रणवः सर्ववेदेषु[49] है—ऐसा कहते हैं।

आत्मा की अमरता और देह की नश्वरता :

आत्मा की अमरता और देह की नश्वरता का गान गीता पूर्णरूप से गाती है। कालिदास भी मृत्यु को प्रकृति और जीवन को अकस्मात मानते हैं।[50] देह और देही का संयोग और वियोग सुना है।[51] कालिदास का यह स्वाभाविक कथन सुनते ही गीता का 'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः' याद आ जाता है।[52]

मनुष्य पूर्वजन्म के संस्कारानुसार बुद्धिसंयोग प्राप्त करता है।[53] गीता की यह बात पार्वती में चरितार्थ होती है क्योंकि उनको 'प्राक्तनजन्मविद्या' मिलती है।[54] सुदर्शन भी ' पूर्वजन्मान्तरदृष्टप्रज्ञः है। और कालिदास तो 'भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि' का उपासक है।[56] 'मनो हि जन्मान्तरसंगतिगतम्' ऐसा कालिदास स्पष्टतया कहते है।[57] गीता निर्दिष्ट लुप्तपिण्डोदक क्रिया में अर्जुन की द्विधा कालिदास के दिलीप[58] और दुष्यंत[59] दोनों अनुभव करते हैं।

दैव प्राधान्य :

अनेक विद्वान स्वीकृत करते हैं कि गीता के 'दैवं चैवात्र पञ्चमम्'[60] में दैव प्राधान्य प्रतिपादित है। कालिदास की दैवप्राबल्य की भावना किसी भी सहृदय को उनकी कृतिओं में यत्र तत्र सर्वत्र ब्रह्म की तरह व्याप्त दिखाई देती है। उनके दैवप्राबल्य के निर्देशों को संग्रहित करें तो भी एक गवेषणपत्र तैयार हो जाय।[61] सब के हृदय में विराजित ईश्वर मानो यंत्रारूढ है इस तरह सर्व जीवों को अपनी माया से घुमाता हैं।[62]

गीता का यह कथन कालिदास काव्यमयरूप से प्रस्तुत करते हैं—..'विषमप्यमृतं क्वचिद् भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया[63] ।

शब्दों व सिद्धांतों में साम्य :

अनेक बार तो कालिदास एक ही श्लोक में गीता के अनेक श्लोको के शब्द और सिद्धांतों का सरलतया आलेखन करते हैं। उदा०...

मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम्।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मयवलोकयन्तम् ॥[64]

इसके साथ गीता के समानता रखनेवाले श्लोकों को देखें।

१ सर्वकर्माणि मनसा सन्यस्यास्ते सुखं वशी।
नवद्वारे पुरे देहे नैव कुर्वन्न कारयन् ॥[65]

२ सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम् ॥[66]

३ त्वमक्षरं परमं वेदितव्यम्। और अक्षरं ब्रह्म परमम्।[67]

४ ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना।[68]

एक ही श्लोक में एक से ज्यादा गीता के शब्दें और सिद्धांतों को प्रस्तुत करनेवाले कालिदास गीता से कितने सुपरिचित होंगे। दुसरा उदाहरण भी देखिये—

त्वमेव हव्यं होता च भोज्यं भोक्ता च शाश्वतः।
वेद्यं च वेदिता चासि ध्यानाद् ध्येयं च यत्परम् ॥[69]

ब्रह्मा को जगत् का परमतत्त्व मानकर की गई स्तुति गीता के परमतत्त्व के विचारों को शब्दशः प्रतिघोषित करती है।

(१) ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविः।[70] ईश्वर ही परमब्रह्म है। परं ब्रह्म परंधाम।[71]
(२) अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाऽहमहमौषधम्।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥[72]
(३) अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च ॥
(४) वेद्यं पवित्रमोंकार......।[74]
(५) पुरुषं शाश्वतं दिव्यम्....सनातनस्त्वम्।[75]
(६) वेत्ताऽसि वेद्यं च परं च धाम।[76]
(७) वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम्।[77]
(८) स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्।[78]
(९) परं ब्रह्म परं धाम...।[79]
(१०) त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।[80]

कालिदास के श्लोकों में गीताके शब्द और भाव सूचित होते हैं।

ध्यानयोग :

ध्यानस्थ शिव के वर्णन में कतिपय सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का उल्लेख है जो गीता के ध्यानयोग के साथ आह्लादक साम्य दिखाते है। उदा०...

(१) शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम्[81] और चैलाजिनकुशोत्तरम्,[82] (२) संयमिनम्[83] और यतचित्तेन्द्रियक्रियः[84] मनः संयम्य नियतमानसः आदि, (३) पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायम्[85] और समकायशिरोग्रीवम् धारयन्नचलं स्थिरः।[86] (४) नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधामयूखैः[87] और संप्रेक्ष्यं नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्[88] मनोनवद्वार श्लोक का साम्य तो आगे देखा। सहृदय को आनंद देनेवाला साम्य तो ध्यानस्थ शिववर्णन में दी गई उपमा में है।...उदा०...

अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम्।[89] और

यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः॥[90]

संयमी योगी के लिए 'निवातस्थ दीप' की उपमा योग्य है ऐसा गीता कथन मानों कालिदासने सरपे चढ़ाकर उपमा के रूप में योगीराज शिव के लिए प्रयुक्त किया है।

कालिदास रघुवंश की विष्णुस्तुति में भी गीता के अनेक सिद्धांतो-श्लोकार्ध और शब्दसमूहों का प्रयोग करते हैं। विष्णु को 'आदिपुरुष'[91] और 'पुराणम्'[92] कहा है। गीता भी त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणः[93] कहती है। विष्णु विश्व के कर्ता, हर्ता और भर्ता है जिसका साम्य गीता में भी है। और वह हृदयस्थ[94] हैं। गीता में भी 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति कहा हैं।[95] विष्णु सप्तसामोपगीत[96] हैं। गीतानुसार वह सर्व वेदों द्वारा वेद्य हैं। वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः।[97]

योगी अभ्यास द्वारा मन को वश में कर के मुक्ति के लिए ज्योतिर्मय विष्णु का चिंतन करते हैं। उदा०...

अभ्यासनिगृहीतेन मनसा हृदयाश्रयम्।
ज्योतिर्मयं विचिन्वन्ति योगिनस्त्वां विमुक्तये॥[98]

गीता में भी इस श्लोक का भावार्थ विविध स्थानों पर व्यक्त होता है।

(१) अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।[99]

(२) ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।[100]

(३) तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यम्[101] (कालिदास में तेज का पर्याय ज्योति शब्द है।)

(४) यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम्।[102] कालिदास विष्णुस्तुति में कहते हैं कि...

बहुधाप्यागमैर्भिन्नाः पन्थानः सिद्धिहेतवः।
त्वय्येव निपतन्त्योघा जाह्नवीया इवार्णवे॥[103]

ईश्वर के गुणों का साम्य :

गीता के कथनानुसार मोक्षमार्ग से अज्ञात (मानव) दूसरे के पास से श्रवण[illegible]

से अनुसरण करे तो भी मृत्यु से परे हो जाता हैं।[104] विष्णु के सिवाय अन्यथा सेवन करने वाला भी अविधिपूर्वक ईश्वर का ही पूजन करता है।[105] विष्णु स्मरण-मात्र से मनुष्य को पवित्र करते हैं-केवलं स्मरणेनैव पुनासि पुरुषं यतः।[106] गीता में भी ईश्वरस्मरण की महिमा अस्खलित रूप से हैं।[107] देखो...

अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः।
तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः ॥[107]

गीता में एक ही स्थान पर ईश्वरप्राप्ति के लिए 'सुलभ' शब्द स्मरण के रूप में प्रयुक्त हुआ है जिसका प्रतिघोष विद्वज्जन कालिदासप्रयुक्त 'केवलम्' शब्द में सुनते हैं।

कुमारसंभव की ब्रह्मा की स्तुति में[108] भी ब्रह्मा को जगत के परम तत्त्व को मान कर जिन गुणों और लक्षणों का कालिदास वर्णन करते हैं, वे गीता में भी हैं। सबका विस्तृत वर्णन असंभव है परंतु कतिपय ध्यानयोग्य निर्देश देखिये। ब्रह्मा को सृष्टि के आरंभ में अकेला, सृष्टि सर्जन समय पर त्रिगुणात्मक और अंत में भेद प्राप्त करने वाला वर्णन किया है। जगत् के प्रलय, स्थिति और सर्ग के कारणरूप एकमात्र ब्रह्मा ही है। उनकी रात्रि और दिन सर्व भूतों के प्रलय और उदय हैं।[109] गीता के १३ वें अध्याय की शैली में ब्रह्मा में विरोधाभासी गुणों का एकपद-सहवास कालिदास दिखलाते हैं।

पुरुष-प्रकृति स्वरूप :

पुरुष और प्रकृति के स्वरूप और गुणों से कालिदास सुपरिचित हैं। पुरुष उदासीन और प्रकृति त्रिगुणात्मिका है। पुरुष के लिए वह प्रवृत्तिशील है। ऐसा ब्रह्मा की स्तुति में निर्दिष्ट है।

त्वामामनन्ति प्रकृतिं पुरुषार्थप्रवर्तिनीम्।
तद्दर्शिनमुदासीनं त्वामेव पुरुषं विदुः ॥[110]

एक आश्चर्ययुक्त आह्लादक परिस्थिति के प्रति अंगुलिनिर्देश करने का मन होता है कि रघुवंश में विष्णु की स्तुति के प्रसंग में गीता से अभिभूत कालिदास गीता की ही उपमा देते हैं।

जाने वो रक्षसाक्रान्तावनुभावपराक्रमौ।
अङ्गिनां तमसेवोभौ गुणौ प्रथममध्यमौ ॥[111]

विष्णु देवताओं को कहते हैं कि मनुष्य के प्रथम (सत्त्व) और मध्यम (रजस) गुण तमोगुण द्वारा दब जाते हैं, इस प्रकार आपके तेज और पराक्रम राक्षस द्वारा दबा दिये गये हैं। गीता भी स्पष्ट कहती है।

रजस्तमश्चाभिभूय सत्त्वं भवति भारत।
रजः सत्त्वं तमश्चैव तमः सत्त्वं रजस्तथा ॥[112]

रजोगुण की वृद्धि से विद्वान भी अयोग्य मार्ग पर पदार्पण करता है। 'अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः ॥[113] इसलिए प्रायः राम ने 'रजोरिक्त-मना' होकर राज्य किया होगा। मनुष्य में तमोगुण अतिमात्रा में हो जाय तो उसकी दशा का वर्णन गीता में है। इसका उदाहरण रघुवंश का अग्निवर्ण राजा है। वह दोष को देख कर भी त्याग नहीं सकता था। दृष्टदोषमपि तन्न सोऽत्यजत्।[114] गीता भी कहती है कि मनुष्य की बुद्धि तामसी हो जाय तो सभी बातें विरुद्ध लगतीं हैं। अधर्म को भी वे धर्म मानते हैं।

अधर्मं धर्ममिति या मन्यते तमसावृता।
सर्वार्थान्विपरीतांश्च बुद्धिः सा पार्थ तामसी ॥[115]

तमोगुण की प्रबलवृत्ति का काव्यमय वर्णन कालिदास ने शाकुन्तल में किया है।

प्रबलतमसामेवंप्रायाः शुभेषु हि वृत्तयः।
स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया ॥[116]

प्रबल तमोगुणयुक्त मानव प्रायः अच्छी बातों में भी बुरी वृत्तियुक्त होते हैं। सिर पर पुष्पमाला डाले तो भी सर्प की शंका से सिर घुमाते हैं। इसको सर्वार्थान् विपरीतान् का काव्यमय स्पष्टीकरण ही कहेंगे न। उच्छिष्ट, अपवित्र भोजन तामसी को अच्छा लगता है।[117] अग्निवर्ण प्रमदाओं का उच्छिष्ट मुखमधु के आस्वादन से आनंद मानता था।[118]

मुक्तिमार्ग :

मनुष्य कर्मानुसार गति प्राप्त करता है। कालिदासानुसार शुभकर्म का फल शुभ होता है। शकुन्तला योग्य वर सुकृत से प्राप्त करती है।[119] पूर्वजन्म के पवित्र और फलोन्मुख तप के फल को तपस्वी भोगते हैं। मनुष्य स्वकर्म से परलोक में भिन्न-भिन्न गति प्राप्त करते हैं।[121] कामदेवने ब्रह्मा के मन में पुत्री के लिए कामना की, परिणामतः उनको भस्मीभूत होना पडा।[122] कर्मानुसार गति का गीता मान्य सिद्धांत कालिदास की कृतिओं में अनेक स्थलों पर दिखाई देता है। शुभ कर्म द्वारा मनुष्य स्वर्ग प्राप्त करता है और कर्मफल क्षीण होने से पृथ्वी पर आना पड़ता है।[124] यह गीताकथित[125] विधान कालिदास अनेक बार स्वीकृत करते हैं। गीता में यज्ञ इत्यादि शुभ कर्मों के फलस्वरूप स्वर्ग का निर्देश है किन्तु वैकुण्ठ का निर्देश नहीं। स्वाभाविकतया मनुष्य पुनर्जन्म और कलेश भय से मुक्तिमार्ग का आश्रय लेता है।[126] मुमुक्षु कर्मबन्धनछेदक धर्म की आकांक्षा करता है।[127] इन्द्रियनिग्रह से रघु सिद्धि प्राप्त करता है।[128]

गीता में इन्द्रियनिग्रह अथवा वशी की प्रशंसा योगी और भक्त के माध्यम द्वारा की गई है।[129] केवल स्मरण से—भक्ति से मुक्ति मिलती है।[130] समदर्शित योग-समाधि से रघु तम से पर अव्यय को प्राप्त करते है।[131] गीता योगसिद्धि का स्वीकार करती हैं। परमपद तम से पर और अव्यय है ऐसा सुस्पष्ट निर्देश गीता में है।[13

मनुष्य निर्मम होकर संसारसागर को पार करता है इस विचार को कालिदास हृद्यसाधर्म्यसहित उपमालंकार से आत्मवत् करते हैं।....मारुतिः सागरं तीर्णः संसारमिव निर्ममः ।[133]

जब संसारसागर पार करने की बात आती है तब गीता 'निर्मानमोहाः' होने का 'मामकाः' वृत्ति त्यागने का एक या दूसरी तरह स्वीकार करती है। रघुवंश के जन्म-भीरु पुत्रनामक राजाने जैमिनि को स्वदेहार्पित करके भी योगमार्ग द्वारा ऐसी तैयारी करे ली कि नूतन जन्म प्राप्त न हो।[134]

तत्त्वज्ञान से भी अतिथि (राजा) अज्ञान रूपी अंधकार का विनाश करता है।[135] रघु ने ज्ञानमय अग्नि से कर्मों को भस्मसात् किया।[136] गंगा-जमना के संगम में देहत्याग करनेवालों को तत्त्वज्ञान के बिना भी शरीरबंधन नहीं होता।[137] कालिदास सूचित करते हैं कि अन्यत्र ऋते ज्ञानात् न मु... का सिद्धांत प्रतिपादित है। गीता और कालिदास में अति साम्य है कि अभ्यास से मनःनिग्रह करके योगी ईश्वर को खोजते हैं।[138] मुक्तिमार्ग में भी कालिदास और गीताकथनों में साम्य हैं। गीतानुसार विधि-रहित, मंत्रहीन, धन के दान रहित, और श्रद्धा रहित यज्ञ तामस है।[139] कालिदास भी श्रद्धा, वित्त और विधि को साथ में आवश्यक मानते हैं।[140] गीता का 'या निशा सर्व-भूतानां' में उल्लिखित रात्रि और दिन का विरोधाभासी विचार भी कालिदास ने अग्निवर्ण के वर्णन में आलेखित किया है। भोगविलास में वह राजा रात्रि में जागृत रहता और दिन में सो जाता इसलिए 'रात्रिकमल' की उपमा उन्होंने प्राप्त की।

आरुरोह कुमुदाकरोपमां रात्रिजागरपरो निशाशयः।[142] पुराणस्य कवेस्तस्य[143] जैसे कविकृत प्रयोग गीता के 'कविः पुराणम्' के साथ साम्य सूचित करते हैं। गीता में विष्णुपद के लिए 'यद् गत्वा न निवर्तन्ते'[145] कथन के भाव कालिदासने भगवान शिव के पदके लिए प्रयुक्त किये हैं। 'अनावृत्तिमयं पदम्'। और कालिदास यह भी कहते हैं कि विष्णु का चिन्तन 'अभूयःसन्निवृत्तये' है।[146]

कालिदास की प्रणयभावना के आदर्श में गीता की विचारझलक प्राप्त होती हैं। विवाहयज्ञ के काव्यरूप कुमारसंभवम् का उदाहरण देखिये। पार्वती में दैवी संपत्ति के अनेक गुण है—ध्रुवेच्छा, मनस्विता, आहार्यनिश्चया, बहुक्षमा, मानिनी इत्यादि। निर्विषयार्थकाम होकर वह पंचाग्नि तप करती है। तब दैवी गुण दृष्टिगोचर होते है। शिव के साथ स्वधर्मचर्यार्थ पाणिग्रहण किया जाता है।[147] धर्म से शिव पार्वती की ओर पदार्पण करते है इसलिए पूर्वापराध से भयभीत कामकामना भी उच्छ्वसित होता है।[148] यहां गीता का 'धर्माविरुद्ध काम का सिद्धांत कालिदास स्वीकार करते हैं। काम ईश्वर का ही स्वरूप है।

देवों की यह योजना पूर्णतः निष्फल होती है कि कामदेव की सहायता से सौन्दर्य युक्त पार्वती शिव प्राप्त करे। शिव-कल्याण काम से प्राप्त नहीं होता ...के काम, क्रोध और लोभ नरकद्वार हैं।[150] काम रूपी नरक द्वार से सत्यं-शिवं-

सुन्दरम को स्वप्न में भी प्राप्त नहीं कर सकते। साकार शिव निराकार में परिणत हुए। पार्वती को तपाचरण की आवश्यकता हुई। गीतानुसार तप मनीषिओं को पवित्र करता है।[151] मनस्वी पार्वती के पशुपति प्राप्त करनेवाले प्रयत्नो में नरकद्वार के समान काम के स्थान पर पवित्र और सात्त्विक तप पदार्पण करता है। परिणामतः पार्वती की दृष्टि मूलतः परिवर्तित होती है। ज्ञानी को ज्ञान प्राप्त होता है तब व्यवहार नहीं परन्तु आचार परिवर्तित होता है। गीता भी पण्डिताः 'समदर्शिनः' कहती हैं, समवर्तिनः नहीं।[152] पहले पार्वती आत्मरूप बनकर, वसंत के शृंगार सज कर, शिववंदन के लिए जाती है। यहाँ कामान्धता और स्वार्थान्धता की गन्ध आती है। शिव-तपोवन के प्राणीमात्र को वह भूल गई किन्तु तप के समय उनका व्यवहार आमूल परिवर्तित हुआ। शिव, मांगल्य अथवा सत्य की आकांक्षा करने वाला मानव कामाक्षी नहीं शिवाक्षी होना चाहिए। तपूत पार्वती में कल्याण कामनाएँ आविर्भूत हुई। वृक्ष की ओर वात्सल्य का जन्म हुआ जो कार्तिकेय द्वारा भी दूर न हो सका। हिरण की तरफ प्रेम के झरने बहने लगें। जो लताएँ कुसुम से स्वयं विलसित होती थी उनमें स्वविलासचेष्टा अमानत के रूप में रखी। स्वमुखकमल से सरोवर में शतदल की शोभा अर्पित की। विरही चक्रवाक के प्रति सहानुभूति दर्शाई। पार्वती के मन में समग्र जड़ और चेतन सृष्टि के प्रति प्रेम–वात्सल्य और सद्भाव की त्रिवेणी बहने लगी! कहाँ स्व से अभिभूत शैलसुता और कहाँ 'सर्व' में सद्भाव समर्पित पार्वती!?!। वह–शिव की–मांगल्य की–प्रेम की शोध करने लगी। जड़, चेतन समग्र सृष्टि में शिव देखने लगी। ईश्वर का सर्वत्र दर्शन करने लगी; गीता की 'यो मां पश्यति सर्वत्र'[153] की भावना साकार हुई। परिणामतः निराकार शिव साकार बने। परमेश्वर पार्वती के प्रेमपार्थी होकर पधारे। धर्म से अविरोधी काम और सर्वत्र ईश्वर दर्शन की, गीता अभिप्रेत भावना कुमारसंभव में पार्वती के चरित्र में चरितार्थ हुई दिखाई देती है।[154]

पादटीप

* यहाँ कालिदास की कृतिओं के संदर्भ सीताराम चतुर्वेदी संपादित 'कालिदास ग्रन्थावली' में से दिये है।

1 रघु. १–५ मे ८. 2 गीता १३–९. 3 रघु. १–२१. 4 रघु. ३–५१.
5 गीता १८–४३. 6 गीता १२–१५. 7 रघु. ४–१२. 8 रघु. ८–१०.
9 गीता ९–२१; ८–६. 10 रघु. ८–२०.
11 गीता ४–३७. मल्लिनाथ भी टीका में इस श्लोकका अवतरण देते हैं।
12 गीता १४–२८; ६–८. 13 ३–५; १३–१९; १३–२१. 14 रघु. ८–२२–२४.
15 गीता १३–१७; ११–१७; १५–११. 16 रघु. ८–२५. 17 गीता ६-१: १८–४०.
18 रघु. ८–१० देखो दिलीप. रघु. १–३८. कुश. रघु. १६–८. अतिथि. रघु. १७–४ देवलोक है। रघु १८–२३. सुदर्शन १९–१. दुष्यंत–शाकु. ५–२८; गीता में 'वशी' ५–१३ में देखो।
19 दशरथ रघु. ९–१. अतिथि १७–४३. 20 रघु. ८–२. 21 रघु. ९–१; ९–

22 गीता १७-१५. 23 गीता २-५६; ५७. ५-२०. 24 गीता २-३८.४८.
25 गीता ५-२२. 26 रघु. १२-१९. 27 रघु. १५-६८. स तुल्यपुष्पाभरणो हि धीरः । रघु. १६-१४. 28 रघु. १७-४३. 29 शाकुं. ५.२८
30 येन येन वियुज्यन्ते प्रजाः स्निग्धेन बन्धुना । स स पापादृते तासां दुष्यन्त इति ॥
31 गीता १२-१३. शाकुं. ६-२३. त्वयि तु परिसमाप्तं बन्धुकृत्यं प्रजानाम् ।
32 गीता १८-४८. 33 शाकुं. ६-१. 34 गीता १८-२. 35 रघु. १९-२.
36 नृसिंह-शाकुं. ७-३. वामन. मेघ. ६१ राम रघु. १०-४४. कृष्ण मेघ. १५.
37 रघु. ८-१६. 38 रघु. ९-१८. 39 रघु.१०-८४. 40 रघु. १५-४ सरि. गीता ४-८.
41 रघु. १०-२४. 42 गीता ४-६. 43 रघु. १०-३१. 44 गीता ३-२२, २३, २४.
45 शाकुं. ५-७. 46 रघु. ८-२२. 47 रघु. ८-८८. 48 रघु. ४-१९.
49 गीता ७-८. 50 रघु. [illegible] 51 रघु. ८-८९. 52 गीता २-२७.
53 तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् । गीता ६-४३. 54 कुमार. १-३०.
55 रघु. १८-५०. 56 शाकुं ५-२. 57 रघु. ७-१५.
58 रघु. १-६६, ६७, ६८. 59 शाकुं. ६-७५. 60 गीता १८, १४.
61 शाकुं. १-१, ३-२, १-१६, ४-०-७, ५-२१, ६-८, ९-६-१२-१. विक्रम. ३-०-९, ४-२-११, ४-३९-१, ४-४७-१, ४-६९, ५-१८-८, कुमार. ४-१, ४-१०, ४-३१, रघु. ८-४६, ८-४७. 62 गीता १८-६१. 63 रघु.८-४६. 64 कुमार. ३-५०.
65 गीता ५-१३, ६-२४ से २६. 66 गीता ८-१२. 67 गीता ११, १८, ८, ३.
68 गीता १३-२३. 69 कुमार. २३-२-१३. 70 गीता ४-२४. 71 गीता १०-१२.
72 गीता ९-१६. 73 गीता ९-२४. 74 गीता ९-१७. 75 गीता ११-१२.
76 गीता ११-३८. 77 गीता १५-१५. 78 गीता ८-१०. 79 गीता १०-१२.
80 गीता ११-१८-३८; १३-१२, १७-३४. 81 कुमार. ३-४. 82 गीता ६-११.
83 कुमार. ३-४४. 84 गीता ६-१२. 85 कुमार. ३-४५. 86 गीता ६-१३.
87 कुमार. ३-४५. 88 गीता ६-१३. 89 कुमार. ३-४८. रघु. १३-५२
90 गीता ६-१९. 91 रघु. १०-६. 92 रघु. १०-१९. 93 गीता ११-३८.
94 रघु. १०-१९, ९. 95 गीता १८-६१. 96 रघु. १०-२१. 97 गीता ९५-१५.
98 रघु. १०-२३. 99 गीता ६-३५. 100 गीता १८-६१. 101 गीता ११-४७.
102 गीता-१५-११ पादटीप १३८ त्वय्यावेशितचित्तानां त्वत्समर्पितकर्मणाम् । गतिस्त्वं वीतरागाणामभूयःसन्निवृत्तये रघु. १०-२७, तु० गीता. १२-२, ९-२७, ९-१८, ८-१६.
103 रघु. १०-२६. 104 गीता १३-२५. 105 गीता ९-२३. 106 रघु. १०-२९.
107 गीता ८-१४, ९-२४, १०-१०. 108 कुमारः २-४ से १५ तक.
109 साम्य→सहस्रयुगपर्यन्तमहर्य ब्रह्मणो विदुः । रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदो जनाः ॥ गीता ८-१७
110 कुमार २-१३. तुलना कीजीये गीता १३-१९ से २३ तक। 111 रघु. १०-३८.
112 गीता-१४-१०. 113 रघु. ९-७४. 114 रघु. १९-४९ 115 गीता १८-३२.
116 शाकुं. ७-२४. 117 उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम् ॥ गीता. १७-१०.
118 रघु. १९-१२. 119 भर्तारमात्मसदृशं सुकृतैर्गता त्वम् । शाकुं ४-१३.
120 कुमार. ६-१०. 121 परलोकजुषां स्वकर्मभिः गतयो भिन्नपथा हि देहिनाम् । रघु. ८-८५.

122 कुमार. ४–४१. 123 व्यामर्जितां कर्मभिरारुरोह । रघु. १८–३, १८–१२, २२.
124 स्वल्पीभूते सुचरितफले...मेघ. ३२. 125 गीता ९–२०, २१. 126 कुमार. ३–५.
127 कुमार. २–५१. 128 रघु. ८–२३. 129 गीता ५–२८. 130 रघु. १०–२९.
131 रघु. ८–२४. 132 गीता ११–१८, १५–४, ५, ६. ९–९. 133 रघु. १२–६०, ४–६०.
134 रघु. १८–३३. 135 रघु. १७–३४. 136 रघु. ८–२० 137 रघु. १३–५८.
138 अभ्यासनिगृहीतेन मनसा हृदयाश्रयम् । ज्योतिर्मयं विचन्वन्ति योगिनस्त्वां विमुक्तये ।। रघु.१०, २३.
अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना । परमं पुरुषं दिव्यं याति, पार्थानुचिन्तयन् ।। तु०गीता ८–८.
139 विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम् । गीता १७-१३.
140 श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम् ।। शाकुं. ७–२९ रघु २–१६.
141 गीता २–६९. 142 रघु. १९–३४ 143 रघु. ८–३६, कुमार. २–१७.
144 गीता ८–९ 145 गीता १५–६.
146 योगिनो ये विचिन्वन्ति क्षेत्राभ्यन्तरवर्तिनम् ।
अनावृत्तिमयं यस्य पदमाहुर्मनीषिणः ।। कुमार. ६–७७, रघु. १०–२७.
147 कुमार. ८–८३ 148 कुमार. ६–१४ 149 गीता ७–११ 150 गीता १६–२१
151 गीता १८–५ 152 गीता ५-१८ 153 गीता. ६–३०.
154 द्रष्टव्य : गौतम पटेल, पार्वती का तप–रहस्य, कुमारसंभव की चतुर्थ आवृत्ति ।
(प्रकाशक : सी. जमनादास कंपनी), १९७३, पृ. ६८–७२.

उत्तर भारत में जैन यक्षी अम्बिका का प्रतिमा-निरूपण

मारुति नन्दन प्रसाद तिवारी

दोनों परम्परा में २२वें तीर्थंकर नेमिनाथ की सिंहवाहना यक्षी को अम्बिका (या आम्रादेवी) एवं कुष्माण्डिनी नामों से सम्बोधित किया गया है।

(क) शिल्प–शास्त्रों में

श्वेताम्बर परम्परा :

निर्वाणकलिका में सिंहवाहना एवं चतुर्भुजा कुष्माण्डी की दाहिनी भुजाओं में मातुलिंग एवं पाश, और बायीं में पुत्र एवं अंकुश प्रदर्शित है।[1] सभी परवर्ती ग्रन्थ समान विवरणों का निर्देश देते हैं, पर उनमें मातुलिंग के स्थान पर आम्रलुम्बि के प्रदर्शन का उल्लेख है।[2] ज्ञातव्य है कि आम्रलुम्बि एवं पुत्र सिंहवाहना अम्बिका के विशिष्ट लक्षण हैं। मंत्राधिराजकल्प में अम्बिका की भुजा में बालक का उल्लेख नहीं किया गया है, पर आम्रलुंबि के प्रदर्शन का निर्देश है। ग्रन्थ में कुष्माण्डिनी की कटि के समीप ही उसके दोनों पुत्रों (सिद्ध एवं बुद्ध) की उपस्थिति का भी उल्लेख है।[3] शोभन सूरि कृत स्तुतिचतुर्विंशतिका में भी अम्बिका के समीप दोनों पुत्रों के प्रदर्शन का निर्देश दिया गया है।[4] अम्बिका–ताटंकम् में उल्लेख है कि चतुर्भुजा

---

[1] कुष्माण्डीं देवीं कनकवर्णां सिंहवाहनां चतुर्भुजां मातुलिङ्गपाशयुक्तदक्षिणकरां पुत्राङ्कुशान्वित-वामकरां चेति ॥ **निर्वाणकलिका** : १८.२२. **देवतामूर्तिप्रकरण** : ७.६१.

[2] ...अम्बादेवी कनककान्तिरुचिः सिंहवाहना चतुर्भुजा आम्रलुम्बिपाशयुक्तदक्षिणकरद्वया पुत्राङ्कुशा-सक्तवामकरद्वया च ॥ **प्रवचनसारोद्धार** : २२, पृ० ९४.

देखें [१] **त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित** : ८.९.३८५–३८६,
[२] **आचारदिनकर** : ३४, पृ० १७७,
[३] **पद्मानंदमहाकाव्य** : परिशिष्ट–नेमिनाथ : ०५७–५८,
[४] **रूपमण्डन** : १९, पृ० २०८ : ग्रन्थ में पाश के स्थान पर नागपाश का उल्लेख हैं।

[3] कुष्माण्डिनी...पाशाम्रलुम्बिसृणिसत्फलमावहन्ती ।
पुत्रद्वयं करकटीतटगं च नेमिनाथक्रमाम्बुजयुगं शिवदा नमन्ती ॥ **मंत्राधिराजकल्पः** ३.६४.

[4] नेमिनाथचरितः ४.२२, पृ० २५२, **विविधतीर्थकल्प** में सिंहवाहिनी अम्बिका को प्राचीन तीर्थ मथुरा की रक्षा करनेवाली बताई गई है (इत्थ कुबेरा नरवाहणा अम्बिया सीहवाहणा

अम्बिका का एक पुत्र उसकी उंगली पकड़े और दूसरा गोद में अवस्थित होगा। सिंहवाहना यक्षी फल, आम्रलुंबि, अंकुश एवं पाश से युक्त है।[5]

दिगम्बर परम्परा :

प्रतिष्ठासारसंग्रह में सिंहवाहना कुष्माण्डिनी (या आम्रादेवी) को द्विभुजा एवं चतुर्भुजा बताया गया है।[6] ग्रन्थ में आयुधों का उल्लेख नहीं किया है। प्रतिष्ठासारोद्धार द्विभुजा अम्बिका का ध्यान करता है और उसकी दक्षिण भुजा में आम्रलुम्बि एवं वाम में पुत्र (प्रियंकर) के प्रदर्शन का निर्देश देता है। आम्रवृक्ष की छाया में अवस्थित यक्षी के समीप ही दूसरा पुत्र (शुभंकर) भी निरूपित होगा।[7] अपराजितपृच्छा द्विभुजा अम्बिका की भुजाओं में फल एवं वरद का उल्लेख करता है। अंबिका के समीप ही उपस्थित दोनों पुत्रों में से एक उसकी गोद में अवस्थित होगा।[8]

दिगम्बर परंपरा के एक तांत्रिक ग्रन्थ में सिंहासन पर विराजमान चतुर्भुजा अम्बिका की भुजाओं में शंख, चक्र, वरद एवं पाश का उल्लेख किया गया है।[9] उसी ग्रन्थ में अष्टभुजा अम्बिका का भी ध्यान किया गया है। ग्रन्थ में उल्लेख है कि नेमिनाथ की आकृति के नीचे पट्ट पर अंकित आम्रकुष्माण्डिनी शंख, चक्र, धनुष, परशु, तोमर, खड्ग, पाश और कोद्रव धारण करती है।[10]

खित्तवालो अ सारमेअ—वाहणो तित्थस्स रक्खं कुणंति पृ० १९] उसी ग्रन्थ में आम्रलुंबि धारण करनेवाली अम्बिका के अहिच्छत्रा में भी स्थित होने का उल्लेख है। सिद्ध-बुद्ध से वेष्टित अम्बिका के शीर्षभाग में नेमिनाथ की मूर्ति स्थित है (पृ० १४)। सिंहयाना हेमवर्णा सिद्धबुद्धसमन्विता।
कम्राम्रलुम्बिभृत्पाणिरत्राम्बा सङ्घविघ्नहृत्॥ **विविधतीर्थकल्पः** उज्जयन्त–स्तवः १३.

5 शाह, उमाकांत प्रेमानन्द, 'आइकनाग्रफी आव द जैन गाडेस अम्बिका', जर्नल आव द युनिवर्सिटी आव बोम्बे, ख०९. (न्यू सीरिज), १९४०–४१, पृ० १६०.

6 देवी कुष्माण्डिनी यस्य सिंहगा हरितप्रभा। चतुर्हस्तजिनेंद्रस्य महाभक्तिविराजितः॥
द्विभुजा सिंहमारूढा आम्रादेवी हरितप्रभा॥ **प्रतिष्ठासारसंग्रह** : पृ. ६४, ६६।

7 सव्येकद्युगप्रियंकरसुतुकप्रीत्यै करे बिभ्रतीं दिव्याम्रस्तवकं शुभंकरकराश्लिष्टान्यहस्तांगुलिम्।
सिंहे भर्तृचरे स्थितां हरितभासाम्रद्रुमच्छायगां वंदारुं दशकार्मुकोच्छ्रयजिनं देवीमिहाम्रां यजे॥
प्रतिष्ठासारोद्धारः ३. १७६. **प्रतिष्ठातिलकम्** : ७. २२, पृ० ३४७।

8 हरिद्वर्णा सिंहसंस्था द्विभुजा च फलं वरम्। पुत्रेणोपास्यमाना च सुतोत्सङ्गा तथाऽम्बिका॥
अपराजितपृच्छा : २२१.३६।

9 शाह, 'आइकनाग्रफी अम्बिका....', पृ० १६१ :... देवीं चतुर्भुजां शंखचक्रवरदपाशान्य-स्वरूपेण सिंहासनस्थिता...'

10 शाह, आइकनाग्राफी अम्बिका..., पृ. १६१ : शाह ने परम्परा के अनुरूप ही अष्टभुजा अम्बिका का अंकन करने वाले एक चित्र का उल्लेख किया है। चित्र में अम्बिका के दक्षिण करों में कोद्रव, त्रिशूल, चाप, अभय, एवं वाम में सृणि, पद्म, शर, आम्रलुंबि प्रदर्शित है। वाहन सिंह समीप ही चित्रित है। शाह ने चित्र की तिथि का उल्लेख नहीं किया है।

तांत्रिक ग्रन्थ में अम्बिका का भयावह स्वरूप :

एक तांत्रिक ग्रन्थ अम्बिका–ताटंक में अम्बिका के भयंकर स्वरूप का स्मरण किया गया है और उसे शिवा, शंकरा, स्तम्भिनी, मोहिनी, शोषणी, भीमनादा, चण्डिका, चण्डरूपा, अघोरा आदि नामों से सम्बोधित किया गया है। अपने प्रलयंकारी रूप में उसे समस्त सृष्टि की संहारकर्तृ भी बताया गया है। प्रलयंकारी स्वरूप में उसकी भुजाओं में धनुष, बाण, दण्ड, खड्ग, चक्र, एवं पद्म आदि के प्रदर्शन का निर्देश है। सिंहवाहिनी देवी की भुजा में आम्र (आम्रहस्ता) का भी उल्लेख है।[11] शाह ने विमलवसही की देवकुलिका : ३५ के समक्ष के वितान पर उत्कीर्ण विंशतिभुज देवी (भाव: २५) की सम्भावित पहचान अम्बिका के इसी भयंकर स्वरूप से की है।[12] ललितमुद्रा में ऊंचे आसन पर विराजमान अम्बिका की १० भुजाएं खण्डित हैं। आसन के नीचे वाहन सिंह उत्कीर्ण है। अम्बिका की अवशिष्ट भुजाओं में खड्ग, शक्ति, सर्प, गदा, खटक, परशु, कमण्डलु, पद्म, अभय एवं वरद प्रदर्शित है। यक्षी के दोनों पार्श्वों में त्रिभंग में दो अष्टभुज पुरुष आकृतियां अवस्थित हैं। दाहिने पार्श्व की आकृति वज्र (या वज्र–घण्ट) एवं अंकुश से युक्त है, जब कि बायीं ओर की आकृति पाश एवं मुद्राएं धारण करती है। शाह ने इन आकृतियों की पहचान अम्बिका के दो पुत्रों (सिद्ध एवं बुद्ध) से की है। उन्होंने सम्भावना व्यक्त की है कि अम्बिका का अपना स्वतन्त्र परिवार रहा है, जो सम्प्रति ग्रन्थों में अनुपलब्ध है।[13]

श्वेताम्बर परंपरा में अम्बिका की उत्पत्ति की विस्तृत कथा जिनप्रभसूरिकृत 'अम्बिका–देवी–कल्प' (१४००) में सुरक्षित है। ग्रन्थ में अम्बिका (या अंबिणी) के दोनों पुत्रों के नाम सिद्ध एवं बुद्ध बताये गये हैं। अम्बिका की उत्पत्ति से से सम्बन्धित दिगंबर कथा 'पुण्याश्रव कथा' के 'यक्षी कथा' में प्राप्त होती हैं।[14] दिगंबर परम्परा में अग्निला (अम्बिका के पूर्व जन्म का नाम) के दोनों पुत्रो के नाम शुभंकर और प्रभंकर बताये गये हैं।

श्वेताम्बर कथा में उल्लेख है कि पूर्व जन्म में अम्बिका सोम ब्राह्मण की भार्या थी, जिसे किसी अपराध पर उसके पति ने गृहत्याग के लिए विवश किया। फलत: अम्बिका को अपने दोनों पुत्रों के साथ गृहत्याग करना पड़ा। भूख प्यास से व्याकुल अम्बिका एवं उसके पुत्रों के सहायतार्थ मार्ग का सूखा आम्रवृक्ष आम्रफलों से लद गया और सूखा कुआं जल से भर गया। अम्बिका ने फल एवं जल ग्रहण कर उसी वृक्ष के नीचे विश्राम किया। कुछ समय पश्चात् सोम पश्चात्ताप करता हुआ अम्बिका को ढूंढ़ने निकला। सोम को आते देखकर भयवश अम्बिका ने अपने

[11] तदेव, पृ० १६१

[12] तदेव, पृ० १६२

[13] तदेव, पृ० १६२

[14] ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रतिलिपि सम्प्रति जिन–कांची के पुजारी के अधिकार में है।

दोनों पुत्रों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। वही अम्बिका अगले जन्म में नेमिनाथ की शासनदेवी के रूप में उत्पन्न हुई, और उसके दोनों पुत्र इस जन्म में भी पुत्ररूपमें उससे सम्बद्ध रहे। पूर्वजन्म का पति (सोम) उसका वाहन सिंह हुआ। दिगम्बर परम्परा में भी यही कथा नवीन नामों एवं कुछ परिवर्तनों के साथ प्राप्त होती है। दिगम्बर परम्परा में अग्निला के अपने पुत्रों एवं सेविका के साथ गृहत्याग कर उज्जयन्त पर्वत पर वरदत्त मुनि के पास जाने का उल्लेख है।[15]

उपर्युक्त कथाओं से स्पष्ट है कि अम्बिका की लाक्षणिक विशेषताएं उसके पूर्वजन्म की कथा से प्रभावित एवं उस पर आधारित है। अम्बिका के दोनों पुत्र उसके पूर्वजन्म के पुत्र एवं आम्रलुम्बि भूख से रक्षा करने वाला आम्रफल है। भुजा में प्रदर्शित पाश उस रज्जु का प्रतीक है जिसकी सहायता से अम्बिका ने कूप से जल प्राप्त किया था। वाहन सिंह-पूर्व जन्म का उसका पति है।[16]

❀ ❀ ❀

अंबिका या कुष्माण्डिनी को उसी नाम की हिन्दु देवी दुर्गा से प्रभावित स्वीकार किया जाता है, पर जैन परंपरा में अम्बिका की प्राचीनता से सम्बन्धित अपनी परंपरा के कारण उसे दुर्गा से प्रभावित स्वीकार करना अनुचित है। दुर्गा को अम्बिका के साथ ही कुष्माण्डी या कुष्माण्डा भी कहा गया है।[17] जैन परंपरा में यक्षी के आयुध हिन्दु दुर्गा से पूर्णतः भिन्न है। यद्यपि दुर्गा का वाहन महिष एवं सिंह दोनों बताये गये हैं, पर भुजाओं में स्थित अभय, चक्र, कण्टक एवं शंख आदि आयुध अम्बिका से सम्बद्ध नहीं है।[18]

दक्षिण भारतीय परंपरा : दक्षिण भारतीय परंपरा में कुष्माण्डिनी को धर्म देवी भी कहा गया है और उसका वाहन सर्वदा सिंह बताया गया है। दिगम्बर ग्रन्थ में चतुर्भुजा यक्षी की ऊर्ध्व भुजाओं में खड्ग एवं चक्र प्रदर्शित है, जब कि निचली भुजाएं गोद में स्थित दो बालकों को सहारा दे रही हैं।[19]

श्वेताम्बर परंपरा के अनामक ग्रन्थ में यक्षी द्विभुजा है और उसकी भुजाओं में फल एवं वरद प्रदर्शित है। यक्ष-यक्षी लक्षण में चतुर्भुजा धर्म देवी की गोद में उसके दोनों पुत्रों के अवस्थित होने का उल्लेख है। यक्षी दो भुजाओं से पुत्रों को सहारा दे रही है, तीसरी में आम्रलुम्बि प्रदर्शित है ओर चौथी सिंहवाहन की और मुड़ी है।[20] स्पष्ट है, कि दक्षिण भारतीय परम्परा में आम्रलुम्बि के प्रदर्शन में

---

15 शाह, आइकनाग्रफी अम्बिका......, पृ० १४७-१४८.

16 तदेव, पृ० १४८.

17 बनर्जी, जितेन्द्रनाथ, डेवलपमेन्ट आव हिन्दू आइकनोग्रफी, कलकत्ता. १९५६, पृ. ५६२.

18 राव, टी. ए. गोपीनाथ, एलिमेन्ट्स ओव हिन्दू आइकनोग्रफी, ख. १, भा. २, दिल्ली, १९६१, (पुनर्मुद्रित), पृ. ३४१-३४२.

19 रामचन्द्रन टी. एन., तिरुपरुत्तिकुणरम एन्ड इट्स टेम्पल्स, बुलेटिन, मद्रास गवर्नमेन्ट म्यूजियम, ख. १, भा. ३, मद्रास, १९३४, पृ० २०९.

20 तदेव, पृ० २०९.

नियमितता नहीं प्राप्त होती हैं। साथ ही उत्तर भारतीय परम्परा के विपरीत यक्षी की गोद में एक के स्थान पर दोनों पुत्रों के चित्रण का निर्देश दिया गया हैं।

(ख) मूर्त अंकनो में

मूर्त चित्रणों मे सर्वत्र यक्ष–यक्षियों में अम्बिका ही सर्वाधिक लोकप्रिय रही है। प्राचीन परंपरा की यक्षी होने के कारण ही शिल्प में अम्बिका को सर्वप्रथम (छठीं शती) निरूपित किया गया। सभी क्षेत्रों मे नवीं शती तक लगभग समस्त जिनों के साथ यक्षी रूप में अम्बिका को ही अंकित किया गया, और गुजरात एवं राजस्थान के श्वेताम्बर स्थलों पर दसवीं शती के बाद भी सभी जिनों के साथ सामान्यतः अम्बिका ही उत्कीर्णित है। केवल कुछ उदाहरणों में ऋषभ एवं पार्श्व के साथ पारम्परिक यक्षी निरूपित है। सभी क्षेत्रों की नेमिनाथ मूर्तियों में अम्बिका द्विभुज है, पर स्वतन्त्र अंकनों में यक्षी का द्विभुज एवं चतुर्भुज दोनों ही स्वरूपों में चित्रण प्राप्त होता है, यद्यपि दसवीं–ग्यारहवीं शती तक उसका द्विभुज स्वरूप ही विशेष लोकप्रिय रहा है।[21] सभी क्षेत्रों में अम्बिका का वाहन सिंह है,[22] और उसकी दो भुजाओं में सर्वदा आम्रलुम्बि[23] (दक्षिण) एवं बालक (वाम) प्रदर्शित हैं।[24] गोद में अवस्थित बालक को अम्बिका का स्तन स्पर्श करते हुए उत्कीर्ण किया गया है। अम्बिका के शीर्षभाग में लघु जिन आकृति (नेमिनाथ) एवं आम्रफल के लटकते गुच्छकों का अंकन भी सर्वत्र लोकप्रिय रहा हैं। साथ ही दाहिने या वाम पार्श्व में दूसरे पुत्र के उत्कीर्णन की परम्परा भी सभी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। दूसरे पुत्र की भुजा में फल (या आम्रफल) स्थित है और दूसरी ऊपर उठी भुजा माता के आम्रलुम्बि के स्पर्श को उद्यत है। अम्बिका अधिकतर ललितमुद्रा में विराजमान है।

राजस्थान–गुजरात :

गुजरात में छठीं शती में ही जिन मूर्तियो में यक्ष–यक्षी युगल का चित्रण प्रारम्भ हो गया और लगभग दसवीं शती तक सभी जिनों के साथ द्विभुज सर्वानु-

---

[21] खजुराहो, देवगढ एवं लखनऊ संग्रहालय की दसवीं–ग्यारहवीं शती की स्वतन्त्र मूर्तियों में चतुर्भुजा अम्बिका का भी चित्रण प्राप्त होता है।

[22] श्वेताम्बर स्थलों की नेमि मूर्तियों के विपरीत दिगम्बर स्थलों पर वाहन सिंह का चित्रण नियमित नहीं रहा हैं।

[23] विमलवसही, कुम्भारीया (शान्तिनाथ अेवं महावीर मन्दिरों की देवकुलिकाअें) एवं कुछ अन्य स्थलों पर कभी-कभी आम्रलुंबि के स्थान पर फल या मुद्रा भी प्रदर्शित है।

[24] शाह ने दो ऐसी द्विभुज अम्बिका मूर्तियों का उल्लेख किया हैं, जिनमें दाहिनी भुजा में आम्रलुंबि हैं, पर बायीं में बालक के स्थान पर फल प्रदर्शित है। शाह ने मूर्तियों के काल एवं प्राप्ति स्थल का संकेत नहीं दिया है। कभी-कभी अम्बिका की दाहिनी भुजा में बालक स्थित है, और बायीं में फल प्रदर्शित है। शाह, आइकनाग्रफी अम्बिका..., पृ० १५५, चित्र ९ और १०.

मूर्ति एवं अम्बिका ही उत्कीर्णित है। यक्ष–यक्षी युगल से युक्त प्राचीनतम जिन मूर्ति (छठी शती) अकोटा से प्राप्त होती है, जिसमें ललितमुद्रा में विराजमान द्विभुज अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुंबि एवं बालक स्थित है।[25]

स्वतन्त्र मूर्तियां :

आम्रलुंबि एवं फल धारण करने वाली द्विभुज अम्बिका की छठीं–सातवीं शती की प्राचीनतम स्वतन्त्र मूर्ति अकोटा से प्राप्त होती है।[26] अम्बिका को सिंह पर आरूढ़ निरूपित किया गया है और दक्षिण पार्श्व में उसका दूसरा पुत्र (निर्वस्त्र) भी अवस्थित है। यद्यपि अम्बिका की वाम भुजा में फल प्रदर्शित है, पर गोद में पूर्ववत् उसका पुत्र अवस्थित है। यक्षी के शीर्षभाग में आम्रफल का गुच्छक अनुपस्थित है। शीर्षभाग में नेमिनाथ के स्थान पर सप्तसर्पफणों से मण्डित पार्श्व की ध्यानस्थ मूर्ति उत्कीर्ण है। स्मरणीय है कि बप्पभट्टिसूरि कृत चतुर्विंशतिका [८वीं शती] में अम्बिका देवी का नेमि एवं महावीर दोनों ही के साथ अलग–अलग ध्यान किया गया है। उक्त ग्रन्थ में अम्बिका का महावीर के साथ स्मरण किया जाना और अकोटा की स्वतन्त्र मूर्ति में शीर्ष भाग में पार्श्व का उत्कीर्णन यह प्रमाणित करता है कि आठवीं शती तक ग्रन्थ एवं शिल्प दोनों ही में निश्चित रूप से अम्बिका को नेमि से सम्बद्ध नहीं किया जा सका था।

आम्रलुम्बि एवं बालक से युक्त द्विभुज अम्बिका की एक मूर्ति (८वीं शती) ओसिया के महावीर मन्दिर के गूढ़मंडप के प्रवेश द्वार पर उत्कीर्ण है। वाहन सिंह भी उपस्थित है। यद्यपि कुछ प्रारंभिक मूर्तियों में अम्बिका के साथ सिंह वाहन का उत्कीर्णन प्राप्त होता है, पर सिंह वाहन एवं शीर्षभाग में आम्रफल के गुच्छकों के नियमित चित्रण नवीं शती के बाद ही प्राप्त होते हैं। ढांक की सातवीं–आठवीं शती की एक द्विभुज मूर्ति में दोनों ही विशेषताएं अनुपस्थित हैं। यक्षी की दाहिनी भुजा घुटने पर स्थित है ओर बायीं में बालक अवस्थित है।[27]

द्विभुजा अम्बिका की आठवीं से दसवीं शती की ६ स्वतंत्र मूर्तियां अकोटा से प्राप्त होती हैं। सभी में सिंहवाहना अम्बिका आम्रलुम्बि एवं बालक से युक्त है। दूसरे पुत्र का नियमित चित्रण नवीं शती की मुर्तियों में ही प्राप्त होता है।[28] दिगम्बर स्थलों की मूर्तियों में दूसरे पुत्र को दाहिने पार्श्व में उत्कीर्ण किया गया है, पर श्वेताम्बर मुर्तियों मे उसका वाम पार्श्व में उत्कीर्णन ही विशेष लोकप्रिय रहा है।

घटियाला के माताजी के साल (जोधपुर) से प्राप्त एक मूर्ति (८६१) में सिंहवाहना अम्बिका की दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि प्रदर्शित है, पर बायीं जानु पर

25 शाह, उमाकांत प्रेमानंद, अकोटा ब्रोन्जेज, बवई, १९५९, पृ० २८–२९, फलक ११

26 तदेव, पृ० ३०–३१; फलक १४.

27 सांकलिया, हसमुख धीरजलाल, 'अर्लिएस्ट जैन स्कल्प्चर्स इन काठियावाड,' जर्नल रॉयल एशियाटिक सोसायटी लण्डन, जुलाई, १९३८ पृ० ४२७–४२८

28 शाह, अकोटा ब्रोन्जेज, चित्र: ४८ बी, ५० सी, ५० ए।

स्थित है। गोद में बालक उत्कीर्ण नहीं है, पर दाहिनी और घुटने के समीप एक बालक आकृति अवस्थित है। जालोर से प्राप्त समान विवरणों वाली दूसरी मूर्ति जोधपुर के सरदार संग्रहालय में सुरक्षित है।[29] कोटा राज्य के गढ़ स्थित सरस्वती भण्डार संग्रहालय में सिंहवाहना अम्बिका की एक द्विभुज मूर्ति सुरक्षित हैं। शीर्ष भाग मे आम्रफल के गुच्छकों से सुशोभित अम्बिका आम्रलुम्बि एवं बालक धारण करती है।[30] समान विवरणों वाली दसवीं शती की दो मूर्तियां क्रमशः घाणेराव के महावीर (मुखमण्डप का पूर्वी अधिष्ठान) एवं नाडालाई के आदिनाथ (गर्भगृह का दहलीज) मन्दिरों पर उत्कीर्ण है। घाणेराव के उदाहरण में शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक एवं दूसरा पुत्र (दक्षिण पार्श्व) भी अंकित है। ओसिया की ग्यारहवीं शती की दो देवकुलिकाओं (नं० १ एवं २: अधिष्ठान) पर भी समान विवरणों वाली द्विभुज अम्बिका की दो मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। इन में दूसरा बालक अनुपस्थित है। कुम्भारिया एवं विमलवसही की ग्यारहवीं–बारहवीं शती की मूर्तियों में भी समान विवरणों वाली द्विभुज अम्बिका ही अंकित हैं। कुम्भारिया के शान्तिनाथ मन्दिर के शिखर की द्विभुज मूर्ति में अम्बिका की दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि के साथ ही खड्ग भी प्रदर्शित है, पर बायीं में पूर्ववत् पुत्र स्थित है। प्रारम्भिक तेरहवीं शती (१२३२) के लूणवसही में भी समान विवरणों वाली द्विभुज अम्बिका ही उत्कीर्ण है। एक उदाहरण (नं. १८) में दाहिने पार्श्व में दूसरा पुत्र भी उत्कीर्ण है। जिसकी दाहिनी भुजा में फल स्थित है और बायीं ऊपर उठी है। उपर्युक्त मूर्तियों के अध्ययन से स्पष्ट है कि निरन्तर बारहवीं शती तक अम्बिका का द्विभुज स्वरूप ही विशेष लोकप्रिय रहा है, और यक्षी के दूसरे पुत्र का चित्रण कभी नियमित नहीं हो सका था। दूसरे पुत्र का उत्कीर्णन जिन–संयुक्त मूर्तियों में दुर्लभ है।

मूर्त अंकनों में सर्वत्र द्विभुज स्वरूप की लोकप्रियता के बाद भी ग्यारहवीं शती में अम्बिका की चतुर्भुज मूर्तियों का उत्कीर्णन प्रारम्भ हुआ। ग्यारहवीं-बारहवीं शती में कुम्भारिया, विमलवसही, जालोर एवं तारंगा आदि स्थलों पर अम्बिका को चतुर्भुज भी निरूपित किया गया। कुम्भारिया के शान्तिनाथ मन्दिर की देवकुलिकाः ११ (१०८१) एवं १२ की दो जिन मूर्तियों में सिंहवाहना अम्बिका चतुर्भुजा है। अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुंबि, आम्रलुम्बि, आम्रलुम्बि एवं बालक स्थित है। समान विवरणों वाली बारहवीं शती की तीन अन्य मूर्तियां कुम्भारिया के नेमिनाथ मन्दिर (देवकुलिकाः ५ पश्चिमी) एवं विमलवसही को गूढ़मंडप की रथिकाओं की जिन मूर्तियों में उत्कीर्ण है। समान विवरणों वाली चतुर्भुज अम्बिका की एक स्वतन्त्र मूर्ति विमलवसही के रंगमंडप के दक्षिण--पश्चिम के कोने के वितान पर उत्कीर्ण है। (चित्र : १)

---

29 अग्रवाल, रमेशचन्द्र 'सम इन्टरेस्टिंग स्कल्पचर्स आव द जैन गाडेस अम्बिका फ्राम मारवाड,' **इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली** ख० ३२, अं. ४ डिसम्बर १९५६, पृ. ४३४–४३६.

30 अग्रवाल, रमेशचन्द्र, 'गाडेस अम्बिका इन द स्कल्प्चर्स आव राजस्थान,' **क्वार्टर्ली जर्नल मीथिक सोसायटी**, ख० ४९, अं० २, जुलाई १९५८, पृ० ९०–९१

मूर्ति में आम्रफल के गुच्छक एवं दूसरा पुत्र भी उत्कीर्ण है। उपर्युक्त श्वेताम्बर मूर्तियों से स्पष्ट है कि इन स्थलों पर चतुर्भुज अम्बिका के साथ किसी नवीन आयुध को प्रदर्शित नहीं किया गया[31] जब कि श्वेताम्बर ग्रन्थ दो निचली भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं बालक के साथ ही ऊर्ध्व भुजाओं में पाश एवं अंकुश के प्रदर्शन का निर्देश देते हैं।[32] परंपरा विरुद्ध अम्बिका की तीन भुजाओं में आम्रलुम्बि का प्रदर्शन निश्चित ही यक्षी के द्विभुज स्वरूप से प्रभावित है।

तारंगा, जालोर एवं विमलवसही की बारहवीं शती की तीन चतुर्भुज अम्बिका मूर्तियां में तीन भुजाओं में आम्रलुम्बि के प्रदर्शन के स्थान पर केवल एक ही भुजा में आम्रलुम्बि प्रदर्शित है। अन्य दो भुजाओं में पाश एवं चक्र (या वरद) प्रदर्शित है। तारंगा के अजितनाथ मन्दिर के मूल प्रासाद की उत्तरी भित्ति पर अम्बिका त्रिभंग में अंकित है। वाम पार्श्व में वाहन सिंह उत्कीर्ण है। यक्षी के करों में वरद, आम्रलुम्बि, पाश एवं पुत्र स्थित है। विमलवसही के गूढ़मंडप के दक्षिणी प्रवेश द्वार की मूर्ति में सिंहवाहिनी अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि, पाश, चक्र एवं बालक प्रदर्शित है। जालोर के महावीर मन्दिर के उत्तरी अधिष्ठान की तीसरी मूर्ति में सिंहवाहना अम्बिका आम्रलुम्बि, चक्र, चक्र एवं पुत्र से युक्त है। अम्बिका की ऊर्ध्व भुजाओं में चक्र के प्रदर्शन का उद्देश्य चक्रेश्वरी एवं अम्बिका का संयुक्त अंकन रहा हो सकता है, क्यों कि किसी भी श्वेताम्बर ग्रन्थ में अम्बिका के साथ चक्र के प्रदर्शन का निर्देश नहीं दिया गया है।

जिन-संयुक्त मूर्तियां :

गुजरात एवं राजस्थान की समस्त श्वेताम्बर नेमि मूर्तियों में द्विभुजा अम्बिका का वाहन सिंह है और उसकी भूजाओं में आम्रलुम्बि एवं पुत्र स्थित है।

उत्तर प्रदेश–मध्य प्रदेश :

इस क्षेत्र की सभी मूर्तियां दिगम्बर परंपरा की कृतियां हैं।

स्वतंत्र मूर्तियां :

अम्बिका की प्रारम्भिकतम स्वतन्त्र मूर्ति देवगढ़ के २४–यक्षियों के सामूहिक चित्रग (८६२) में उत्तकीर्ण है। समूह में अरिष्टनेमि के साथ 'अम्बायिका' नाम की चतुर्भुजा यक्षी अंकित है।[33] वाहन-अनुपस्थित है, और यक्षी की भुजाओं

31 विमलवसही के गूढ़मण्डप के प्रवेशद्वार (दक्षिण) की मूर्ति इसका अपवाद है। सिंहवाहिनी अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि, पाश, चक्र, एवं बालक प्रदर्शित है।

32 किसी भी श्वेताम्बर ग्रन्थ में चतुर्भुजा अम्बिका की तीन भुजाओं में आम्रलुम्बि के प्रदर्शन का निर्देश नहीं दिया गया है। श्वेताम्बर ग्रन्थों मे द्विभुजा अम्बिका का ध्यान अनुपलब्ध है पर मूर्ति चित्रण में द्विभुजा अम्बिका ही सर्वदा लोकप्रिय रही है।

33 ब्रुन, क्लाज़, द जैन–इमेजेज ओव देवगढ, लिडेन, १९६९, प्र. १०२.

में पुष्प (या फल), चामर, पद्म एवं पुत्र स्थित है। स्पष्ट है कि अम्बिका को विशिष्टता प्रदान करने की दृष्टि से कुछ अन्य यक्षियों के समान ही चतुर्भुज अवश्य उत्कीर्ण किया गया, पर अभी तक (८६२) उस क्षेत्र में उसके पारम्परिक स्वरूप का निर्धारण नहीं हो सका था। यही कारण है कि आम्रलुम्बि एवं वाहन सिंह दोनों ही अनुपस्थित हैं। पिछले पृष्ठों में हम देख चुके हैं कि श्वेताम्बर स्थलों (अकोटा एवं ओसिया) पर सातवीं-आठवीं शती में ही आम्रलुम्बि एवं सिंहवाहन का प्रदर्शन प्रारम्भ हो गया था। दिगम्बर स्थलों पर दसवीं शती से ही उपर्युक्त दोनों विशेषताओं का नियमित चित्रण प्राप्त होता है।[३४]

प्रारम्भिक दसवीं शती की दो द्विभुज अम्बिका मूर्तियां मालादेवी मन्दिर को उत्तरी एवं दक्षिणी शिखर की रथिकाओं में स्थापित हैं। शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छको से सुशोभित सिंहवाहना अम्बिका आम्रलुम्बि एवं पुत्र से युक्त है। खजुराहो के पार्श्वनाथ मन्दिर (९५४) के दक्षिणी मण्डोवर पर भी त्रिभंग में द्विभुज अम्बिका निरूपित है। आम्रलुम्बि एवं बालक से युक्त अम्बिका का वाहन अनुपस्थित है। मस्तक पर आम्रफल के गुच्छकों से सुशोभित अम्बिका का दूसरा पुत्र भी दाहिने पार्श्व में अवस्थित है। ज्ञातव्य है कि खजुराहो में द्विभुज अम्बिका के चित्रण का यह अकेला उदाहरण है। खजुराहो की दसवीं से बारहवीं शती की अन्य समस्त मूर्तियों में अम्बिका चतुर्भुजा है।[३५] यहां उल्लेखनीय है कि खजुराहो में जहां अम्बिका अेक ही उदाहरण में द्विभुजा है, वहीं देवगढ़ की लगभग ५० मूर्तियों (९वीं-१२वीं शती) में अम्बिका द्विभुजा है। देवगढ़ के केवल दो उदाहरणों में उसे चतुर्भुज प्रदर्शित किया गया है।[३६]

देवगढ़ के मंदिर : ११ के समक्ष के मानस्तम्भ (१०५६) पर उत्कीर्ण चतुर्भुज मूर्ति में सिंहवाहना अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि, अंकुश, पाश एवं बालक[३७] प्रदर्शित है। शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक एवं जिन आकृति उत्कीर्ण हैं। समान विवरणों वाली दूसरी चतुर्भुज मूर्ति मंदिर : १६ के स्तम्भ (१२वीं शती) पर उत्कीर्ण है। यक्षी का वाहन अनुपस्थित है, और ऊर्ध्व दक्षिण भुजा की सामग्री अस्पष्ट है। उल्लेखनीय है कि सामान्यतः चतुर्भुजा अम्बिका का चित्रण दिगम्बर परम्परा के विरुद्ध है, क्योंकि केवल अेक ही दिगम्बर ग्रन्थ में अम्बिका के चतुर्भुज स्वरूप का ध्यान किया गया है, पर उसमें भी यक्षी के साथ शंख, चक्र, वरद, पाश के

३४ दसवीं शती के पूर्व की मथुरा एवं लखनऊ संग्रहालयों की कुछ जिन मूर्तियों में आम्रलुम्बि का प्रदर्शन प्राप्त होता हैं, पर वाहन अनुपस्थित है।

३५ पार्श्वनाथ मन्दिर के शिखर (दक्षिण) में ही चतुर्भुज अम्बिका की अेक आसीन मूर्ति प्रतिष्ठित है। सिंहवाहना अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि, पूर्ण विकसित पद्म, पूर्ण विकसित पद्म एवं पुत्र प्रदर्शित है।

३६ इसमें देवगढ़ के सामूहिक चित्रण का उदाहरण सम्मिलित नहीं है।

३७ बालक की वाम भुजा में भी आम्रफल स्थित है।

प्रदर्शन का निर्देश दिया गया है। दूसरी ओर श्वेताम्बर परम्परा में अम्बिका सर्वदा चतुर्भुजा निरूपित है। श्वेताम्बर ग्रन्थों में चतुर्भुजा अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं पुत्र के साथ ही पाश एवं अंकुश के प्रदर्शन का निर्देश दिया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि देवगढ़ से प्राप्त दिगम्बर परंपरा की उपर्युक्त दोनों ही मूर्तियां श्वेताम्बर परंपरा से प्रभावित हैं। यह प्रभाव देवगढ़ के अतिरिक्त खजुराहो एवं लखनऊ संग्रहालय की दो अन्य चतुर्भुज मूर्तियों (११वीं–१२वीं शती) में भी स्पष्ट है।

खजुराहो के मन्दिर : २७ की स्थानक मूर्ति (११वीं शती) में सिंहवाहन से युक्त अम्बिका एक पीठिका पर अवस्थित है। शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक एवं जिन आकृति से युक्त अम्बिका की भुजाओं में आम्रलुम्बि, अंकुश, पाश एवं पुत्र स्थित हैं।[88] चामरधारी सेवकों एवं उपासकों से वेष्टित अम्बिका के दाहिने पार्श्व में दूसरा पुत्र आमूर्तित है। समान विवरणोंवाली लखनऊ संग्रहालय (६६.२२५) की मूर्ति में सिंहवाहना अम्बिका की एक भुजा में अंकुश के स्थान पर त्रिशूल-घण्ट प्रदर्शित है। ललितमुद्रामें विराजमान यक्षी के समीप ही उसका दूसरा पुत्र (नग्न) भी खड़ा है। भयानक दर्शन एवं बाहर निकले नेत्रों वाली अम्बिका के साथ स्त्री चामर-धारिणी और उपासक भी आमूर्तित हैं।

लखनऊ संग्रहालय (जी–३१२) की ललितमुद्रा में आसीन एक अन्य चतुर्भुज मूर्ति (११वीं शती) में अम्बिका की निचली भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं पुत्र, और ऊर्ध्व में पद्म में लिपटी पुस्तिका एवं दर्पण प्रदर्शित है। परंपरा से विपरीत पद्म और दर्पण का चित्रण हिन्दू देवी अम्बिका (पार्वती) का स्पष्ट प्रभाव दरशाता है। पद्म का चित्रण खजुराहो की अम्बिका मूर्तियों में भी प्राप्त होता है। शीर्षभाग में संक्षिप्त जिन आकृति एवं आम्रफल के गुच्छकों से युक्त सिंहवाहना अम्बिका के वाम पार्श्व में दूसरा पुत्र अवस्थित है।

देवगढ़ से अम्बिका की सर्वाधिक स्वतन्त्र मूर्तियां (लगभग ५०) प्राप्त होती हैं।[89] (चित्र २) तीन उदाहरणों के अतिरिक्त अम्बिका सर्वदा द्विभुजा है, और उसके चित्रण में एकरसता प्राप्त होती है। अधिकतर उदाहरणों में अम्बिका को साधारण पीठिका पर स्थानक मुद्रा में उत्कीर्ण किया गया है। कुछ ही उदाहरणों में अम्बिका आसीन है। शीर्षभाग में आम्रवृक्ष एवं लघु जिन आकृति से युक्त अम्बिका की भुजाओं में सर्वदा आम्रलुम्बि[90] एवं पुत्र प्रदर्शित हैं। कुछ उदाहरणों में बालक गोद के स्थान पर वाम पार्श्व में खड़ा है, और उसका एक हाथ अम्बिका के हाथ में स्थित है। सभी उदाहरणों में वाहन सिंह उपस्थित है। दिगम्बर परम्परा के अनुरूप ही दूसरे

---

८८ खजुराहो की अन्य समस्त चतुर्भुज मूर्तियों में ऊर्ध्व करों में अंकुश एवं पाश के स्थान पर पद्म (या पद्म में लिपटी पुस्तक) प्रदर्शित है।

८९ सर्वाधिक मूर्तियां ग्यारहवीं शती में उत्कीर्ण की गईं।

९० साहू जैन संग्रहालय की एक मूर्ति (११वीं शती) में यक्षी की दाहिनी भुजा में आम्र-लुम्बि के स्थान पर छत्रपद्म स्थित है।

पुत्र को दाहिने पार्श्व में उत्कीर्ण किया गया है,[41] जिसकी एक भुजा आम्रफल प्राप्त करने के उद्देश्य से ऊपर उठी है, पर दूसरी या तो जानु पर स्थित है, या फिर उसमें फल प्रदर्शित है। परिकर में उड्डीयमान मालाधरों एवं कभी-कभी चामरधर सेवकों को भी आमूर्तित किया गया है। साहू जैन संग्रहालय की एक मूर्ति (१२वीं शती) में वाहन का सर सिंह का और शरीर मानव का है। उसी संग्रहालय की एक अन्य मूर्ति (११वीं शती) में यक्षी के वाम स्कंध के ऊपर पांच सर्प फणों से मण्डित सुपार्श्व की खड्गासन मूर्ति उत्कीर्ण है। संग्रहालय की ही एक अन्य मूर्ति में परिकर में दो चतुर्भुज देवियों (ललितमुद्रा: अभय, पद्म, चामर, कलश) ५ जिनों एवं चामरधरों को मूर्तिगत किया गया है। यक्षी के वाम पार्श्व में आम्रलुम्बि धारण किए उसका दूसरा पुत्र अवस्थित है। मन्दिर: १२ की उत्तरी चहारदीवारी की स्थानक मूर्ति (११वीं शती) में अम्बिका की दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि अनुपस्थित है और उसके स्थान पर यक्षी की भुजा दूसरे पुत्र के मस्तक पर स्थित है। वामभुजा में पूर्ववत् पुत्र अवस्थित है। अध्ययन से स्पष्ट है कि देवगढ़ में अम्बिका के चित्रण में दिगम्बर परम्परा का निर्वाह किया गया था, और अन्य स्थलों के विपरीत यहां द्विभुज अम्बिका का चित्रण ही सर्वाधिक लोकप्रिय था।

देवगढ़ के समान खजुराहो में भी अम्बिका की ही सर्वाधिक स्वतन्त्र मूर्तियां प्राप्त होती है।[42] खजुराहो के तीनों जैन मन्दिरों (पार्श्वनाथ, घण्टाई एवं आदिनाथ) के ऋषभनाथ को समर्पित होने एवं ऋषभ की ही सर्वाधिक मूर्तियां प्राप्त होने के बाद भी चक्रेश्वरी से कहीं अधिक लोकप्रियता अम्बिका को प्राप्त थी। नेमिनाथ की केवल दो मूर्तियां प्राप्त होती हैं, फिर भी स्वतन्त्र अंकनों में अम्बिका सर्वाधिक लोकप्रिय रही है। खजुराहो से दसवीं-बारहवीं शती की ११ अम्बिका मूर्तियां प्राप्त होती हैं। एक उदाहरण (पार्श्वनाथ मन्दिर) के अतिरिक्त सभी में अम्बिका चतुर्भुजा है। ११ स्वतन्त्र मूर्तियों के अतिरिक्त ७ उत्तरांगो पर भी चतुर्भुजा अम्बिका की ललितमुद्रा में आसीन मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। ११ स्वतन्त्र मूर्तियां में से दो पार्श्वनाथ और दो आदिनाथ मन्दिरों पर उत्कीर्ण हैं, और अन्य उदाहरण स्थानिक संग्रहालयों एवं नवनिर्मित मन्दिरों में सुरक्षित हैं। सात उदाहरणों में अम्बिका त्रिभंग में अलंकृत आसन पर खड़ी है, और अन्य में ललितमुद्रा में आसीन है। शीर्षभाग में आम्रफल के गुच्छक से युक्त सभी उदाहरणों में समीप ही वाहन सिंह उत्कीर्ण है। सभी चतुर्भुज मूर्तियों में निचली भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं बालक प्रदर्शित हैं। दो उदाहरणों (पुरातात्त्विक संग्रहालय: १६०८, मन्दिर: २७) में पुत्र गोद के स्थान पर वाम पार्श्व में अम्बिका की उंगलियां पकड़े खड़ा है। अम्बिका को दोनों उर्ध्व भुजाओं में विकसित या चक्राकार पद्म, या पद्म में लिपटी पुस्तिका प्रदर्शित है। खुले संग्रहालय (के: ४२) की

---

41 मानस्तम्भों की आसीन मूर्तियों में अम्बिका का दूसरा पुत्र अनुपस्थित है।

42 तिवारी, मारुति नन्दन प्रसाद, 'इमेजेज ऑव अम्बिका इन जैन टेम्पिल्स एट खजुराहो' 'जर्नल आव द आरियेन्टल इन्स्टिट्यूट, बडोदा (स्वीकृत)।

एक मूर्ति में अम्बिका की ऊपरी दाहिनी भुजा में पद्म के स्थान पर आम्रलुम्बि प्रदर्शित है और निचली दाहिनी भुजा भग्न है। जैन धर्मशाला के प्रवेशद्वार के ११वीं शती के दो उत्तरांगों पर यक्षी की ऊर्ध्व वाम भुजा में पुस्तक प्रदर्शित है। केवल मन्दिर: २७ की अकेली मूर्ति में ऊर्ध्व भुजाओं में अंकुश एवं पाश प्रदर्शित हैं। अध्ययन से स्पष्ट है कि मुख्य आयुधों (आम्रलुम्बि एवं बालक) के सन्दर्भ में कलाकारों ने जहां परम्परा का पालन किया, वहीं ऊर्ध्व भुजाओं में पद्म या पद्म-पुस्तिका का प्रदर्शन खजुराहो की अम्बिका मूर्तिओं की ही विशेषता रही है। उत्तर भारत में चतुर्भुज अम्बिका की सर्वाधिक स्वतन्त्र मूर्तियां खजुराहो से ही प्राप्त होती हैं। स्वतन्त्र मूर्तियों में शीर्ष भाग में लघु जिन आकृतियां भी उत्कीर्ण हैं। एक उदाहरण (मन्दिर : २७) में लांछन शंख (नेमिनाथ) भी उत्कीर्ण है। ग्यारहवीं शती की चार स्वतन्त्र मूर्तियों में दाहिने पार्श्व में दूसरा पुत्र भी उत्कीर्ण है, जिसकी एक भुजा में फल है, और दूसरी आम्रलुम्बि के स्पर्श हेतु ऊपर उठी है। स्वतन्त्र मूर्तियों में अम्बिका सामान्यतः दो पार्श्ववर्ती सेविकाओं से सेव्यमान है, जिसकी एक भुजा में चामर या पद्म प्रदर्शित है, और दूसरी जानु पर स्थित है। साथ ही दोनों पार्श्वों में ललितमुद्रा में आसीन दो पुरुष या स्त्री आकृतियां भी आमूर्तित हैं, जिनकी भुजाओं में अभय एवं जलपात्र स्थित हैं। परिकर में उपासक, गन्धर्व एवं उड्डीयमान मालाधर आकृतियां भी चित्रित हैं। पुरातात्त्विक संग्रहालय (१६०८) की एक विशिष्ट अम्बिका मूर्ति (११वीं शती) में जिन मूर्तियों के समान ही पीठिका छोरों पर द्विभुज यक्ष [दाहिनी ओर] एवं यक्षी [बायीं ओर] की ललितमुद्रा में आसीन मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। (चित्र : ३) यक्ष की भुजाओं में अभय एवं पर्स और यक्षी की भुजाओं में अभय एवं जलपात्र प्रदर्शित है। शीर्ष भाग में पद्म धारण किये कुछ अन्य द्विभुज देवियां भी उत्कीर्ण हैं।

तीन द्विभुज अम्बिका मूर्तियां (१०वीं-११वीं शती) लखनऊ संग्रहालय (जे-८५३; जे-७६: ८, ०, ३३४) में सुरक्षित हैं। शीर्षभाग में आम्रवृक्ष एवं जिन आकृति से युक्त सभी उदाहरणों में ललित मुद्रा में विराजमान यक्षी के समीप ही वाहन सिंह उत्कीर्ण है। सभी में यक्षी आम्रलुम्बि एवं बालक से युक्त है। एक उदाहरण (जे-७९८) में दूसरा पुत्र एवं वाहन सिंह अनुपस्थित है। मूर्ति के परिकर में द्विभुज देवी (अभय एवं कलश) का लघु आकृति उत्कीर्ण है।

किसी अज्ञात स्थल से प्राप्त लगभग नवीं शती की एक विशिष्ट मूर्ति मथुरा संग्रहालय (०० डी ७) में सुरक्षित है। (चित्र ४) इस द्विभुज मूर्ति की विशिष्टता परिकर में गणेश, कुबेर, बलराम, कृष्ण-वासुदेव एवं अष्ट मातृकाओं का उत्कीर्णन है, जो अन्य किसी भी ज्ञात अम्बिका मूर्ति में नहीं प्राप्त होता है। ललितमुद्रा में पद्मासन पर विराजमान अम्बिका का वाहन सिंह आसन के नीचे उत्कीर्ण है। यक्षी की कुछ खण्डित दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि के स्थान पर अभयमुद्रा प्रदर्शित है, और बायीं से वह गोद में अवस्थित बालक को सहारा दे रही है। दाहिने पार्श्व में अम्बिका का दूसरा पुत्र भी अवस्थित है। पार्श्ववर्ती चामरधरों से सेव्यमान अम्बिका

मूर्ति की पीठिका पर एक पंक्ति में आठ स्त्री आकृतियां (अष्ट--मातृकाएं)[४३] उत्कीर्ण हैं। ललितमुद्रा में आसीन देवियों में से अधिकतर दोनों हाथ जोड़े हैं, और कुछ की भुजाओं में फल एवं अन्य सामग्रियां स्थित हैं। अम्बिका के शीर्ष भाग में उत्कीर्ण लघु जिन आकृति के दोनों पार्श्वों में बलराम एवं कृष्ण–वासुदेव की चतुर्भुज एवं त्रिभंग में खड़ी मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। बलराम एवं कृष्ण का अंकन जिन के नेमिनाथ होनेका संकेत है, जिसकी यक्षी अम्बिका है। यह मूर्ति इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि लगभग नवीं शती में अम्बिका नेमि से सम्बद्ध की जा चुकी थी। तीन सर्पफणों से मण्डित बलराम (दाहिने पार्श्व) की तीन भुजाओं में पात्र (?), मुसल, हल (पताका संयुक्त) प्रदर्शित है, और चौथी भुजा जानु पर आराम कर रही है। कृष्ण की भुजाओं में अभय, गदा, चक्र एवं शंख स्थित है। वनमाला से सुशोभित दोनों देवों के मस्तक खण्डित है। अम्बिका के शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक एवं उड्डीयमान मालाधर भी आमूर्तित है। अलंकृत भामण्डल से युक्त अम्बिका के दाहिने पार्श्व में गजमुख गणेश की द्विभुज मूर्ति उत्कीर्ण है। ललितमुद्रा में विराजमान गणेश की भुजाओं में अभय एवं मोदकपात्र प्रदर्शित है। गणेश की शुण्ड मोदक ग्रहण करने की मुद्रा में मोदक पात्र की ओर मुड़ी है। वाम पार्श्व की ललितमुद्रा में आसीन द्विभुज कुबेर की भुजाओं में फल एवं पर्स प्रदर्शित है।

जिन-संयुक्त मूर्तियां :

जिन-संयुक्त मूर्तियों में अम्बिका सर्वदा द्विभुजा है। भारत कला भवन (नं. २१२) की नेमि मूर्ति (७वीं-८वीं शती) में त्रिभंग में खड़ी द्विभुज अम्बिका की दाहिनी भुजा में पुष्प और बायीं में पुत्र स्थित है। दूसरा पुत्र दक्षिण पार्श्व में खड़ा है। दक्षिण भुजा में आम्रलुम्बि के स्थान पर पुष्प का प्रदर्शन सातवीं–आठवीं शती के मथुरा से प्राप्त कुछ अन्य उदाहरणों में भी प्राप्त होता है। लखनऊ संग्रहालय की तीन नेमि मूर्तियों (जे–८५८; जे-७९३; १४.०.११७ : १०वीं–११वीं शती) में द्विभुज अम्बिका उत्कीर्ण है। दो उदाहरणों में यक्षी आम्रलुम्बि एवं पुत्र धारण करती है, पर एक में (१४. ०. ११७) आम्रलुम्बि के स्थान पर अभय प्रदर्शित है। एक अन्य उदाहरण (जे-७९२) में सामान्य लक्षणोंवाली द्विभुज यक्षी (अभय एवं सनालपद्म) आमूर्तित है। माला देवी एवं बजरामठ मन्दिरों की दसवीं–

---

[४३] आचारदिनकर षष्ठिसंस्कार विधि एवं दिगम्बर ग्रन्थ विद्यानुशासन में अष्ट मातृकाओं के उल्लेख प्राप्त होते हैं। ये अष्ट–मातृकाएं ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी, चामुण्डा और त्रिपुरा हैं। एक अन्य ग्रन्थ सारस्वतकल्प (बप्पभट्टिसूरिकृत) में ब्रह्माणि, माहेश्वरी, कौमारी, वाराही, वैष्णवी, चामुण्डा, चण्डिका एवं महालक्ष्मी के नाम प्राप्त होते हैं। एक अन्य ग्रन्थ में चण्डिका एवं महालक्ष्मी के स्थान पर इन्द्राणी का उल्लेख प्राप्त होता है। देखे–शाह उ.प्रे., 'आइकनोग्रफी ओव चक्रेश्वरी, द यक्षी ओव ऋषभनाथ', जर्नल ओरियन्टल इन्स्टिट्यूट, [illegible]२०, अं.३, मार्च १९७१, पृ. २८६.

ग्यारहवीं शती की तीन नेमि मूर्तियों में भी द्विभुजा अम्बिका (आम्रलुम्बि एवं पुत्र) उत्कीर्ण है। खजुराहो की दोनों ही मूर्तियों में (मन्दिर : १० एवं के. १४) समान विवरणों वाली द्विभुज अम्बिका आमूर्तित है। मन्दिर : १० के उदाहरण (११ वीं शती) में यक्षी की दाहिनी भुजा भग्न है।

देवगढ़ की दसवीं–बारहवीं शती की १९ नेमि मूर्तियों में यक्षी द्विभुज अम्बिका है। अम्बिका की भुजाओं में पूर्ववत् आम्रलुम्बि एवं बालक स्थित है। मन्दिर : १३ और २४ की दो मूर्तियों (११वीं शती) में आम्रलुम्बि के स्थान पर क्रमशः आम्रफल एवं फल प्रदर्शित है। कुछ उदाहरणों (मन्दिर : १२, १३) में समीप ही दूसरा पुत्र भी उत्कीर्ण है। वाहन सिंह भी केवल कुछ ही उदाहरणों (मन्दिर : १२ चहारदीवारी एवं मन्दिर : १५) में उत्कीर्ण है। शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक भी कभी–कभी ही प्रदर्शित हैं। तीन उदाहरणों (१०वीं–११वीं शती) में नेमि के साथ सामान्य लक्षणों वाली द्विभुज यक्षी (अभय या वरद एवं फल) उत्कीर्ण है। मन्दिर : २१ की मूर्ति में दोनों पैर मोड़कर बैठी यक्षी की भुजाओं में पुष्प एवं कलश प्रदर्शित है। चार नेमि मूर्तियां (११वीं–१२वीं शती) में अपारम्परिक यक्षी चतुर्भुजा है। यक्षी की भुजाओं में वरद (या अभय), पद्म, पद्म, एवं फल (या कलश) प्रदर्शित हैं। स्पष्ट है कि देवगढ़ की नेमि मूर्तियों में अन्य स्थलों के समान ही द्विभुज अम्बिका उत्कीर्ण है। अम्बिका के साथ केवल आम्रलुम्बि एवं पुत्र के प्रदर्शन में ही नियमितता प्राप्त होती है। यही नहीं, नेमि के साथ अम्बिका के स्थान पर सामान्य लक्षणों वाली अपारम्परिक यक्षी का चित्रण भी दसवीं शती से ही प्रारम्भ हो जाता है।

विहार–बंगाल–उड़ीसा :

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र की जिन मूर्तियों में यक्ष–यक्षी युगलें के उत्कीर्णन की परम्परा लोकप्रिय नहीं रही है, फिर भी अम्बिका की कई स्वतन्त्र मूर्तियां विभिन्न स्थलें से प्राप्त होती हैं, जिसका कारण निश्चित ही उसका प्राचीन परंपरा की यक्षी होना है। इस क्षेत्र के सभी उदाहरणों में अम्बिका द्विभुजा है, और आम्रलुम्बि एवं पुत्र धारण करती है। इस क्षेत्र की सभी मूर्तियां दिगंबर परंपरा की कृतियां है।

लगभग दसवीं शती की एक मूर्ति राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली (६३. ९४०) में संगृहीत है। (चित्र ५) पूर्वी भारत के किसी अज्ञात स्थल से प्राप्त इस पालयुगीन मूर्ति में अम्बिका द्विभंग में पद्मासन पर खड़ी है। वाहन सिंह आसन के नीचे उत्कीर्ण है। यक्षी की दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि प्रदर्शित हैं और बायीं में समीप ही अवस्थित पुत्र (निर्वस्त्र) की उंगली स्थित है। शीर्ष भाग मे आम्रफल के गुच्छक एवं लघु जिन आकृति उत्कीर्ण है। परिकर में उपासक, सेवक वाद्यवादक एवं नृत्य रत आकृतियां आमूर्तित हैं।

उड़ीसा के कियोनिझर जिले के आनन्दपुर स्थित पोदसिंगिदि नामक स्थल से

अम्बिका की एक मध्ययुगीन मूर्ति प्राप्त होती है।[44] ललितमुद्रा में विराजमान सिंहवाहना अम्बिका की दक्षिण भुजा भग्न है, पर वाम में पुत्र स्थित है। अलुआरा से प्राप्त और पटना संग्रहालय में संकलित (१०६९४) खड़ी मूर्ति में भुजाओं की सामग्री स्पष्ट नहीं है। पर दाहिने पार्श्व की पुत्र आकृति उसे अम्बिका मूर्ति बतलाती है।[45]

मानभूम जिले के पक्वीरा से भी एक खण्डित मूर्ति प्राप्त होती हैं।[46] दाहिनी भुजा खण्डित हैं, पर बायीं में पुत्र स्थित है। अम्बिका नगर (बानकुरा) से भी सिंहवाहना अम्बिका की एक खण्डित मूर्ति प्राप्त होती है।[47] यक्षी की एक अवशिष्ट भुजा पुत्र के मस्तक पर स्थित है। बरकोला से भी पद्म पर खड़ी अम्बिका की एक मूर्ति प्राप्त होती है।[48] सिंहवाहना अम्बिका की वामभुजा में पुत्र की उंगुलियें स्थित हैं। शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छक और जिन आकृति उत्कीर्ण है। लेखों में उपर्युक्त मूर्तियों की तिथि के उल्लेख नहीं किये गये हैं।

ललितमुद्रा में आसीन सिंहवाहना अम्बिका की दो मूर्तियां नवमुनि एवं बारभुजी गुफाओं में नेमि के साथ उत्कीर्ण हैं। नवमुनि गुफा के उदाहरण में शीर्षभाग में आम्रगुच्छकों से सुशोभित यक्षी की भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं पुत्र स्थित है।[49] जटामुकुट से सुशोभित अम्बिका के समीप ही दूसरा पुत्र (निर्वस्त्र) आमूर्तित है। बारभुजी गुफा के उदाहरण में यक्षी की दाहिनी भुजा में फल और बायीं में आम्रवृक्ष की टहनी प्रदर्शित है।[50] शीर्ष भाग में आम्रवृक्ष से युक्त यक्षी की बायीं भुजा के बगल (कोंख) में उसका पुत्र स्थित है।

दक्षिण भारत :

उत्तर भारत के समान ही दक्षिण भारत में भी द्विभुजा अम्बिका का चित्रण विशेष लोकप्रिय रहा है। अम्बिका के साथ पुत्रों एवं वाहन सिंह के प्रदर्शन में नियमितता प्राप्त होती है। पर गोद के स्थान पर सामान्यत: दोनों पुत्रों को वाम पार्श्व में आमूर्तित किया गया है। आम्रलुम्बि का प्रदर्शन उत्तर भारत की तुलना में

---

44 जोशी, अर्जुन, 'फर्दर लाइट आन द रिमेन्स एट पोदसिंगिदि', उडीसा हिस्टोरिकल रिसर्च जर्नल, ख० १०, अं. ४, १९६२, पृ. ३१-३२.

45 प्रसाद, एच. के., 'जैन नोजेज़ इन थ पटना म्यूजियम', श्री महावीर जैन विद्यालय गोल्डन जुबिली वाल्यूम, बंबई, १९६८, पृ. २८९.

46 मित्रा, कालीपद, 'नोट आन टू जैन इमेजेज', जर्नल बिहार उड़ीसा रिसर्च सोसायटी ख. २८, भाग. २, १९४२, पृ. २०३.

47 मित्रा, देबल, "सम जैन ऐन्टीक्वीटिजफ्राम बांनकुरा, पृ. १३१.

48 मित्रा, देबल, 'सम जैन ऐन्टीक्वीटीज फ्राम बांनकुरा', वेस्ट बंगाल', जर्नल एशियाटिक सोसायटी, ख. २४, अं. २, १९५८, पृ. १३२-१३३.

49 मित्रा, देबल, 'शासनदेवीज इन थ खन्डगिरि केव्स' जर्नल एशियाटिक सोसायटी, (बंगाल), ख. १, अं. २, १९५९, पृ. १२९.

50 तदेव, पृ. १३२.

काफी अनियमित रहा है। दक्षिण भारत में शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छकों के प्रदर्शन के स्थान पर आम्रवृक्ष के उत्कीर्णन की परम्परा प्रचलित रही है। मूर्त अंकनों एवं अभिलेखिकी साक्ष्य के आधार पर यह सर्वथा निश्चित है कि अम्बिका दक्षिण भारत की तीन सर्वाधिक लोकप्रिय यक्षियों (अम्बिका, पद्मावती, ज्वालामालिनी) में से एक रही है। मध्ययुग में जहां कर्नाटक में पद्मावती सर्वाधिक लोकप्रिय रही है, वहीं तामिलनाडु में अम्बिका को सर्वाधिक लोकप्रियता प्राप्त थी।

अम्बिका की प्राचीनतम ज्ञात मूर्ति अयहोल (कर्नाटक) के मेगुटी मन्दिर (६३४-६३५ [51] से प्राप्त होती है। ललितमुद्रा में सामान्य पीठिका पर विराजमान द्विभुजा यक्षी की दोनों भुजाएं खण्डित हैं। पर शीर्ष भाग में आम्रगुच्छकों एवं चरणों के नीचे सिंह वाहन का उत्कीर्णन यक्षी के अम्बिका होने के निश्चित प्रमाण हैं। आम्रफल के गुच्छकों के मध्य ही दो मयूर एवं दो सिंह आकृतियों के चित्रण से कान्तार का भाव व्यक्त हैं। यक्षी की वाम भुजा के अवशिष्ट भाग से उसका भूमि पर स्थित रहा होना निश्चित है। वाहन के पीछे वाम पार्श्व में अम्बिकाका पुत्र उत्कीर्ण है, जिसकी एक भुजा में फल स्थित है। अम्बिका के दोनों पार्श्वों में ५ सेविका आकृतियां उत्कीर्ण है, जिनकी भुजाओं में पुष्प, चामर, फल एवं पात्र स्थित है। दाहिने पार्श्व की एक सेविका की गोद में अवस्थित पुत्र (निर्वस्त्र) निश्चित ही अम्बिका का दूसरा पुत्र है।

कांची की आनन्दमंगल गुफा की सभी स्थानक अम्बिका मूर्तियों में सिंहवाहना अम्बिका की वाम भुजा पुत्र के मस्तक पर स्थित है। [52] त्रावनकोर राज्य के एक स्थल से प्राप्त उदाहरण (९वीं-१०वीं शती) में सिंहवाहना अम्बिका (खड़ी) की दाहिनी भुजा से वरद व्यक्त है, पर बायीं नीचे लटक रही है। [53] वाम पार्श्व में दोनों पुत्र अवस्थित है। तमिलनाडु के कलुगुमलाई से प्राप्त एक मूर्ति (१०वीं-११वीं शती) में सिंहवाहना अम्बिका की दाहिनी भुजा एक बालिका के मस्तक पर स्थित है [54] और बायीं में फल या आम्रलुम्बि प्रदर्शित है। वाम पार्श्व में दो बालक (पुरुष) आकृतियां अवस्थित हैं। [55]

एलोरा की जैन गुफाओं में भी अम्बिका की कई मूर्तियां (१०वीं-११वीं शती) प्राप्त होती हैं। [56] जिन में पूर्ण विकसित आम्रवृक्ष के नीचे आसीन द्विभुज अम्बिका

51 मेगुटी मन्दिर में चालुक्य शासक पुलकेशिन् द्वितीय का शक संवत् ५५६ (=६३४-६३५) का लेख उत्कीर्ण है। कजिन्स, चार्ल्स, **चालुक्यन आर्केटेकचर**, पृ. ३१, फलक ४.

52 देसाई पी. बी., 'यक्षी इमेजेज इन साउथ इन्डियन जैनिजम', डा. **मिराशी फेलीसिटेशन वाल्यूम**, नागपुर, १९६५, पृ. ३४५.

53 देसाई, पी. बी. **जैनिजम इन साउथ इन्डिया एन्ड सम जैन इपिग्राफ्स**, शोलापुर, १९६३, पृ. ६९.

54 पुत्र के स्थान पर पुत्री के चित्रण (अपारम्परिक) का आशय अस्पष्ट है, कयेत कि समीप ही दो पुत्र भी उत्कीर्ण हैं।

55 देसाई, जैनिजम इन साउथ इण्डिया, पृ. ६४.

चित्र-१.

चित्र-३.

चित्र-२.

चित्र – ३.

चित्र – २.

चित्र – ४.

की भुजाओं में आम्रलुम्बि एवं पुत्र (गोद में) स्थित है। यक्षी का दूसरा पुत्र सामान्यतः वाहन सिंह के समीप ही कहीं आमूर्तित किया गया है। यक्षी के दोनों पार्श्वों में स्त्री-पुरुष सेवक आकृतियां उत्कीर्ण हैं, जिनकी भुजाओं में सामान्यतः चामर प्रदर्शित है। द्विभुज अम्बिका की एक मूर्ति कर्नाटक राज्य के अंगदि स्थित जैन बस्ती से प्राप्त होती है।[57] त्रिभंग में आम्रवृक्ष के नीचे अवस्थित यक्षी की दाहिनी भुजा में आम्रलुम्बि प्रदर्शित है, जब कि बायीं समीप खड़े पुत्र के मस्तक पर स्थित है। पुत्र की एक भुजा में फल और दूसरे में दण्ड प्रदर्शित है। दक्षिण पार्श्व में वाहन एवं दूसरा पुत्र आमूर्तित है। अकोला जिले के मुर्तजापुर से प्राप्त एक द्विभुज मूर्ति सम्प्रति नागपुर संग्रहालय में संकलित हैं।[58] आम्रवृक्ष के नीचे खड़ी अम्बिका के शीर्ष भाग में नेमि की मूर्ति उत्कीर्ण है। सिंहवाहना यक्षी आम्रलुम्बि एवं फल से युक्त है। प्रत्येक पार्श्व में उसका एक पुत्र खड़ा है। समान विवरणों वाली एक अन्य मूर्ति (आसीन) श्रवणबेलगोल के चामुण्डराय बस्ती से प्राप्त होती है। त्रावनकोर राज्य के चितराल से प्राप्त एक मूर्ति में दाहिनी भुजा की वस्तु अस्पष्ट है, और बायीं नीचे लटक रही है। वाम पार्श्व में अम्बिका के दोनों पुत्र उत्कीर्ण हैं।[59]

दक्षिण भारत में यक्षी का चतुर्भुज स्वरूप में भी चित्रण प्राप्त होता है। जिन कांची के भित्ति चित्रों में चतुर्भुज अम्बिका अंकित है।[60] पद्मासन में विराजमान यक्षी की उर्ध्व भुजा में अंकुश, पाश, एवं निचली में अभय, वरद प्रदर्शित हैं। बर्गेस ने भी कन्नड़ परम्परा पर आधारित चतुर्भुजा कुष्माण्डिनी का चित्र प्रकाशित किया है।[61] सिंहवाहना कुष्माण्डिनी की गोद में उसके दोनों पुत्र अवस्थित है। जिसे वह अपनी निचली भुजाओं से सहारा दे रही है। यक्षी की ऊर्ध्व भुजाओं में खड्ग एवं चक्र स्थित है।

❀ ❀

समस्त अध्ययन से स्पष्ट है कि सभी क्षेत्रों में समान रूप से अम्बिका का द्विभुज स्वरूप ही सर्वाधिक प्रचलित रहा है। जिन-संयुक्त मूर्तियों में अम्बिका सदैव द्विभुजा है। केवल स्वतन्त्र मूर्तियों में अम्बिका को चतुर्भुजा भी निरूपित किया गया है। सिंहवाहना अम्बिका के साथ परम्परा के अनुरूप ही आम्रलुम्बि एवं पुत्र और शीर्ष भाग में आम्रफल के गुच्छकों का प्रदर्शन सर्वत्र लोकप्रिय रहा है। दिगम्बर स्थलों की जिन-संयुक्त मूर्तियों में सिंह वाहन का प्रदर्शन दुर्लभ है। ज्ञातव्य है कि दिगम्बर ग्रन्थों में द्विभुज अम्बिका का ही उल्लेख प्राप्त होता है[62], पर मूर्त अंकनों

56 शाह, 'आइकनाग्रफी अम्बिका', पृ. १५४.
57 तदेव, पृ. १५४-१५५.
58 तदेव, पृ. १५५.
59 तदेव, पृ. १५६.
60 तदेव, पृ. १५८.
61 बर्गेस, जेम्स, 'दिगम्बर जैन आइकनाग्रफी', द इण्डियन एण्टिक्वेरी, ख. ३२, १९०३, पृ. ४६३, फलक ४, चि. २३.
62 केवल दिगम्बर परम्परा के एक तांत्रिक ग्रंथ—अम्बिकाताटंक में ही [illegible]भुज एवं अष्टभुज अम्बिका का ध्यान किया गया है।

में द्विभुज के साथ ही चतुर्भुज अम्बिका का चित्रण भी लोकप्रिय रहा है। दिगम्बर परम्परा की सर्वाधिक चतुर्भुजा मूर्तियां खजुराहो से प्राप्त होतीं हैं। दिगम्बर स्थलें की तुलना में अम्बिका की चतुर्भुज मूर्तियां श्वेताम्बर स्थलें पर कम हैं, जब कि श्वेताम्बर ग्रन्थ द्विभुज के स्थान पर सर्वदा अम्बिका के चतुर्भुज स्वरूप का ही उल्लेख करते हैं। साथ ही जहां श्वेताम्बर स्थलें पर परम्परा के अनुरूप चतुर्भुज अम्बिका की ऊर्ध्व भुजाओं में पाश एवं अंकुश नहीं प्रदर्शित है,[63] वहीं दिगम्बर स्थलें (खजुराहो, देवगढ़, लखनऊ संग्रहालय) पर परम्परा के विरूद्ध ऊर्ध्व भुजाओं में पाश एवं अंकुश प्रदर्शित किया है। श्वेताम्बर स्थलें पर अम्बिका की स्थानक मूर्तियां दुर्लभ हैं, पर दिगम्बर स्थलें पर समान रूप से आसीन और स्थानक मूर्तियां लोकप्रिय रही हैं। केवल तारंगा के अजितनाथ मन्दिर (श्वेताम्बर) पर स्थानक अम्बिका की एक मूर्ति उत्कीर्ण है। अम्बिका के दूसरे पुत्र का प्रदर्शन स्वतन्त्र मूर्तियें में ही लोकप्रिय रहा है। श्वेताम्बर स्थलें के एकरूप स्वरूप के विपरीत[64] दिगम्बर स्थलें पर चतुर्भुज अम्बिका के निरूपण में कई प्रकार प्राप्त होते हैं। आम्रलुम्बि एवं पुत्र के साथ ही चतुर्भुज अम्बिका को पद्म, पद्म–पुस्तिका, अंकुश, पाश एवं त्रिशूल–घण्ट जैसे अपारम्परिक आयुधें से युक्त भी प्रदर्शित कियो गया। खजुराहो की एक अम्बिका मूर्ति (१६०८) में यक्ष–यक्षी युगल का उत्कीर्णन अम्बिका मूर्ति में हुए विकास कीं अन्तिम परिणति है।

---

63 केवल विमलवसही और तारंगा के दो उदाहरणें में चतुर्भुज अम्बिका के साथ पाश का प्रदर्शन प्राप्त होता है।

64 केवल तारंगा, जालोर एवं विमलवसही की तीन चतुर्भुज मूर्तियें में ही अम्बिका के निरूपण में स्वरूपगत भिन्नता प्राप्त होती है। अन्य सभी चतुर्भुज उदाहरणें में तीन भुजाओं में आम्रलुम्बि और चौथी में पुत्र स्थित है।

पाइअ–सद्द–महण्णवो में अनुपलब्ध

शृंगारमञ्जरी की शब्दावली

के. आर. चन्द्र

शृंगारमञ्जरी सट्टक की रचना विश्वेश्वर के द्वारा १८वीं शती के प्रारंभिक काल में की गई है। उस समय प्राकृत बोलचाल की भाषा नहीं थी और अपभ्रंश भाषा भी आधुनिक भाषाओं में बदल रही थी। इस परिस्थिति के कारण इस सट्टक में जीती–जागती प्राकृत भाषा नहीं मिलती। विश्वेश्वर संस्कृत भाषा के विद्वान थे अतः प्राकृत व्याकरणों के आधार से संस्कृत का प्राकृत बनाकर इस सट्टक की रचना की हो ऐसा मालूम होता है। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे शब्द भी हैं जो 'पाइय-सद्दमहण्णवो' में उपलब्ध नहीं है। ऐसा होना स्वाभाविक भी था क्योंकि इस प्राकृत कोष के सम्पादन के समय तक शृंगारमञ्जरी प्रकाश में नहीं आयी थी। यहाँ पर ऐसे ही शब्दों का संग्रह किया जा रहा है जिससे आगामी प्राकृत कोष में उन्हें स्थान मिल सके। इन नये शब्दों की विशेषता निम्न प्रकार से दर्शायी जा सकती है :

१. संस्कृत के आधार से बने हुए शब्द
२. उपसर्ग लगाकर बनाये गए शब्द
३. भिन्न अर्थ वाले शब्द
४. पौराणिक विशेष–नाम वाले शब्द
५. व्यक्तिविशेषनाम वाले शब्द
६. असंकलित रूप वाले शब्द

अग्गवीअ ४ १३ (अग्रबीज)=एक असुर का नाम

अणिद्धारिय. १. १२.८ (अनिर्धारित)=अनिश्चित

अणुसय ४.४ (अनुशय)=ईर्ष्या, दुश्मनी

अण्णपरदा (आ) १,२९,३५ (अन्यपरता)–अन्यसम्बन्धी

अद्धेन्दु १.१ (अर्द्धेन्दु)–अर्द्धचन्द्र [जब कि 'अद्धोरु' इत्यादि शब्द पा.स.म. में मिलते है]

अब्भमु १.१६ (अभ्रमु)-ऐरावत हस्ति की प्रिय हस्तिनी

अब्भुवाअ १.२६ (अभ्युपाय)–प्राप्ति का उपाय, पहोंच

अहिबद्ध १.१ (अधिबद्ध)–गाढ बंधा हुआ [जब कि 'अहिमय, अहिकिच्च' इत्यादि शब्द पा.स.म. में मिलते है]

अहिसंग १.२१.१ (अभिषंग) आसक्ति
[पा.स.म. में 'अहिराम, अहिसंका, अहिसंधि' आदि है]
आआरिअ ३.७.३ (आकार्य)-पास में बुला कर
उच्चिअ १ २४ (उच्चित)-एकत्रित [पा.स.म. में 'उच्चइअ']
उज्जिंभ १.१९ (उज्जृम्भ)-फैलना
उवजण १.२५ १ (उपजन) साथी लोग, परिवार के लोग
क्खदि (खइ) ३.९ (क्षति)-न्यूनता, कमी
चमक्किदि (इ) १.९ (चमत्कृति)-चमत्कार [पा स.म. में 'चमक्कार' 'चमक्किअ' हैं]
चुक्किलदा (आ) ३ १० (च्युतिता)-च्युतिशीलता, नष्ट हो जाने का गुण [पा.स.म. में 'चुक्क' है]
छाआसुअ ४ ६ (छायासुत)-शनि नाम का ग्रह
णप्पअदि २.२३.८ (ज्ञाप्यते)-सूचित किया जाता है
णासीर २.१९; ४.१४.२ (नासिर, नासीर)-आगाही करने वाला, आगेवान.
णिप्फुण्ण २.९.२ (निष्पन्न)-सिद्ध. [पा.स.म.में 'णिप्फण्ण' है]
णुद ४.१३ (नुत)-स्तुत
तिण्हिआ ४.७ (तृष्णिका)-तृष्णा
थोविअ ४.१ (स्तोकित)-थोडा किया गया, अल्पकृत
दिहा १.३८ (दिश्)-दिशा
पउत्थ ४.२३.२६ (प्रवृत्त)- प्रवृत्ति की गयी
पच्चइस्सं १.२९.३९ (प्रत्येष्यामि)-विश्वास करूंगा [पा.स.म. में 'पच्चइय', 'पच्चय' हैं परंतु मूल धातु और उसके अन्य रूप नहीं हैं]
पज्जाणअ १.१ (पर्यानत)-झुका हुआ [पा.स.म. में 'पज्जाउल' है]
पणअण १.१२ (प्रणयन)-रचना
पत्त १ ९ (पात्र)-~~नाटक के~~ पात्र के अर्थ में
पम्म ३.१०; १.८ (पद्म)-एक पुष्प [पा.स.म. में 'पउम, पोम, पोम्म' मिलते हैं]
परामिस ३.५५ (परामृश)-पोंछना, स्पर्श करना [पा.स.म. में 'परामरिस, परामुस,' मिलते हैं]
परिक्किद अ) ४.२३.१५ (परिष्कृत)-सजा हुआ
परिवरिह ३.३३ (परिबर्ह)-सम्पत्ति, परिवार
पसत्ति १.१२.१० (प्रशस्ति)-प्रशंसा
पसमिच्छिअ २.२४ (प्रसमीक्ष्य)-प्रकर्ष से देखकर [पा स.म. में 'पसमिक्ख' धातु के रूप में दिया गया है]

पारिसअ ४.२३.१६ (पारिषद)-शिव की सभा का सदस्य
१.२.२ -सभासद [पा.स.म. में 'पारिसज्ज' है]

पुप्फाउह १.२ (पुष्पायुध)-कामदेव [पा.स.म. में 'पुप्फावत्त, पुप्फबाण' है]

मग्ग २.३७ (मग्न)-डूबा हुआ, तल्लीन

मत्थिक्क ४.३ (मस्तिष्क)-सिर

महुव्वअ ३.२४ (मधुव्रत)-भौंरा

विउणेमि ३.४६ (विगुणयामि)-दुःखी करता हूँ।

विउणाविआ ३.१४ (विगुणापिता)-दोषारोपण किया गया [पा.स.म. में 'विउण' विशेषण के रूप में है]

विण्णावअ १.२४ (विज्ञापक) सूचित करनेवाला ['विण्णव' के अन्य रूप पा.स.म. में हैं]

वीरुअ २.४० (वीरुध)-पुनः पुनः पनपनेवाली एक पुष्पमयी लता या पौधा

संरज्जए १.२८ (संरञ्जते)-अनुरक्त होता है [पा.स.म. में 'रज्ज, अणुरज्ज', और 'संचर, संतप्प' इत्यादि हैं]

सालिदा(आ) १.१.१ (शालिता) शोभा [पा.स.म. में 'सालिणी, सालिणिआ' हैं]

सुअती ४.२ (सुदती)-सुन्दर दाँतो वाली

सुंभ ४.१३ (शुम्भ)-मारना [पा.स.म. में 'णिसुंभ' के रूप हैं]

सुहाधाम १.३६ (सुधाधाम)-चन्द्रमा [पा.स.म. में 'सुहाकर' है]

सेअंबु १.२ (स्वेद+अंबु)-पसीने कीं बूंद

सेलूस १.५ (शैलूष)-नट

हरिआ ४.२५ (हरित्)-दिशा

ध्यान देनें योग्य कुछ अन्य शब्दरूप इस प्रकार है :

आकीडं १.६ (आकीटम्)-कीडे तक

आबम्हं १.६ (आब्रह्माणम्)-ब्रह्मा तक

अत्तद्दा १.२९.३७ (आप्तता, आप्तत्व)-विश्वसनीयता

णिट्ठदा २.९.१ (निष्ठता, निष्ठा)-निष्पत्ति, स्थिति

सुहिददा ३.३ (सुखितता, सुखित्व)-सुख का भाव

कहेत्ती १.१७.८ (कथयित्री)-कहनेवाली

वीहेंत ४.१३ (विभवत्)-होता हुआ

एदाहि ३.४० (एतस्मात्)-यहाँ से, इससे [हेमचन्द्र और अन्य व्याकरणकारों ने इस रूप को उद्धृत किया है। पिशल (४२६) ने व्याकरणकारों का संदर्भ दिया है, किन्तु किसी ग्रन्थ से यह रूप उद्धृत नहीं किया है।]

एक प्राचीन-गूर्जर बारहमासा काव्य

गुरु-स्तुति-चर्चरी

र. म. शाह

बारहमासा काव्यप्रकार पुरानी गुजराती–राजस्थानी, हिंदी, बंगला आदि साहित्य में शताब्दियों से प्रचलित है। गुजराती में ठेठ तेरहवीं शताब्दी से बारहमासा (गुज. बारमासी) काव्य मिलते हैं।

उपलब्ध गुजराती बारहमासा काव्यों में पाल्हण कृत 'नेमिनाथ बारमासा' (रचना वर्ष सं. १२८९) अवतक प्राचीनतम माना जाता है।[1] उनकी समकालीन एक बारहमासा कृति यहां प्रस्तुत है, जो खेतरवसही जैन ज्ञान भंडार, पाटण से उपलब्ध ताडपत्रीय हस्तप्रत में मुझे प्राप्त हुई है। इसी प्रति में आगमगच्छीय आचार्य जिनप्रभसूरि की अनेक रचनाएं लिखी हुई हैं।[2] उन्हीं रचनाओं के साथ होने से और भाषा तथा रचना शैली में साम्य होने से प्रस्तुत कृति उन्हीं की रचना होने की अधिक संभावना है। जिनप्रभसूरिका समय विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का अन्तिम चरण निश्चित है।

शृंगारनिरूपक बारहमासा काव्यप्रकार का जैन कवियों ने वैराग्यबोधक रचनाओं में सफल विनियोग किया है। यहां प्रकाशित काव्य बारह मासों के वर्णन के साथ गुरु के गुणों की स्तुति करने के लिए रचा गया है। यह सरल उपमालंकार से विभूषित, स्वाभाविक भाषा प्रवाह में सद्‌गुरु के गुणों का भाववाही वर्णन करने वाला अपने ढंगका एक सुंदर काव्य है।

काव्य की भाषा उत्तरकालीन अपभ्रंश है, जिसमें गुजराती की प्रथम भूमिका का उद्‌भव स्पष्ट दिखाई देता है। छंद प्रसिद्ध दोहा छंद है।

काव्यान्त उल्लेख में काव्य को चाचरी बताया गया है और गूर्जरीराग में उनका गान किया जा सकता है ऐसी सूचना है।

---

1. प्राचीन–मध्यकालीन बारमासा संग्रह, खंड १ : संपा. संशो. डा. शिवलाल जेसलपुरा, अमदावाद, १९७४, पृ. १.

2. देखें—'आगमगच्छीय जिनप्रभसूरि कृत संधिद्वय' : र. म. शाह, संबोधि वर्ष २, अंक २.

गुरु-स्तुति-चर्चरी

नंदउ पुंडरीअ-गोयम-पमुह गणहर-वंसु ।
नामगहेण वि ह जाहं फुड्डु जायइ सिव-सुह-फंसु ॥१॥

जिणवर पत्ता मोक्ख-पुरि संघह मारगु देउ ।
तित्थ पवत्तइ गणहरहिं सासय-सुक्खह हेउ ॥२॥

आसाढह जिव जलहरु गाजइ मोर उलासु ।
तिंव गुरु-आगम-देसण भवियण-मणह वियासु ॥३॥

सावण सलिलिहिं महीयल जिव ओल्हावइ दाहु ।
पावह तावु तिंव भवियण सझाय-झुणि मुणिनाहु ॥४॥

भाद्रवइ भरु नीरहं सरवर सरिय पसरंति ।
सुह-गुरु सम-रसि भरिय पुण सरि सरि उविउ हरंति ॥५॥

आसोय सोहइ पुन्न ससि जिव तारागणजुत्तु ।
अब्भ-विमुक्क गयणंगणि तिंव गुरु मुणिहिं पवित्तु ॥६॥

कत्तिउ चंदि दिणिंदह किरणिहिं नीमलु भाइ ।
सुरु गुरु झाणिहिं पूरीउ ससि-सूर विणु पडिहाइ ॥७॥

मागसिर मागइं मागु जिव ववहार-वणिय-सत्थ ।
तिंव गुरु सुय-ववहारिहिं विहरइ धरणि पसत्थ ॥८॥

पोसह पोसइं निय-तणु विविह-आहारिहिं लोय ।
सुहु गुरु पोसइ सम रसि कारणि कम्म-विओय ॥९॥

माहह महियलु हिम-फरसु वाइ न चालण जाइ ।
सुगुरु आभिंतर-संठिउ बाहिरि कह वि न ठाइ ॥१०॥

फागुण फूलिय वणराई गुरु-गण हरिसु वहेइ ।
नं किर महुअर-झुणि मिसि रमणीउ चरिउ कहेइ ॥११॥

सोहइ वसंत वसंत-सिरि चेत्तह चाचरि चित्त ।
विसय-अगंजिय सुह-गुरुह पय किर वंदण पत्त ॥१२॥

वइसाहह सहयार-वणि कोइल महुर लवेइ ।
नं किर सुह-गुरु-आगमणु धामी वधावेइ ॥१३॥

दिग जेट्ठ जेठह जिवं रवि किरणिहिं खरउं तवेइ ।
तिंव गुरु दुक्कर-तव-चरणि कढिण-करो य दीवेइ ॥१४॥

सहला ताहं जि दीहडा सहला ताहं जि मास ।
जे गुरु वंदइ विहिपरि ताहं जि पूरिय आस ॥१५॥

॥ गुरु-स्तुति-चाचरि गूर्जरी-रागेण ॥छ॥

તારંગાનું અજિતનાથ જિનાલય

સ્થપતિ મનસુખલાલ સોમપુરા

તારંગા પર્વત પર સ્થિત, ચૌલુક્યાધિપ ગુર્જરેશ્વર મહારાજ કુમારપાળ વિનિર્મિત જિનદેવ અજિતનાથનું મહાન ચૈત્ય પશ્ચિમ ભારતમાં આજે અવશિષ્ટ રહેલાં પ્રાચીન–મધ્યકાલીન દેવભવનોમાં સૌથી ઉન્નત અને મોટું છે. અખિલ ભારત જૈન શ્વેતાંબર સંઘના પ્રમુખ શેઠશ્રી કસ્તૂરભાઈ લાલભાઈની પ્રેરણાથી શેઠ આણંદજી કલ્યાણજીની પેઢી તરફથી તેના જીર્ણોદ્ધારનું કામ મારી દેખરેખ હેઠળ છેલ્લા છએક વર્ષથી ચાલી રહ્યું છે. જીર્ણોદ્ધારમાં મુખ્ય કાર્ય તો મંદિરનાં બહિરંગ પર ચડાવેલ વજ્ર-શક્તિ(ચૂના)ના થરોનું પડ કાઢી નાખી મંદિરની અસલી કારીગરીને બહાર લાવવા, અને તેમાં થયેલ ભાંગતૂટને સમારવા તેમ જ અંતરંગમાં કરેલ રંગકામને ભૂંસી સ્તંભો, ભારપટ્ટો અને છતોને ચોખ્ખાં કરવાં તેમ જ વિશેષ મજબૂતી લાવવા પૂરતું સીમિત છે.

આ મંદિરનું અદ્યાપિપર્યંત તલસ્પર્શી અધ્યયન થયું ન હોઈ, જીર્ણોદ્ધારના પ્રારંભ પછી ત્યાં પાલખ બંધાઈ જતાં તેનું વિગતવાર સર્વેક્ષણ કરી એક પુસ્તક તૈયાર કરવાનો મને વિચાર આવ્યો. મિત્રોનાં પણ પ્રેરણા–પ્રોત્સાહન મળ્યાં. અધ્યયન–લેખન કાર્યમાં અમદાવાદ ખાતેના શ્રી ભોળાભાઈ જેસિંગભાઈ સંશોધન વિદ્યાલયના ગુજરાતી દેવાલય સ્થાપત્યના તજ્જ્ઞ ગણાતા આસ્થાન–વિદ્વાન ડા. કાન્તિલાલ ફૂલચંદ સોમપુરાનો સહકાર પ્રાપ્ત થયો. ડા. સોમપુરાને મારા ખર્ચે તારંગા કેટલીયે વાર સાથે લઈ ગયો. તેમણે મારી સાથે રહી મંદિરનો વિગતવાર અભ્યાસ કરી નોંધો ઉતારી. સાથે સાથે મંદિરનાં શિલ્પ–સ્થાપત્યની તસ્વીરો ખેંચાવી નેગેટિવો ડા. સોમપુરાને અમારા પુસ્તક માટે સોંપી. પુસ્તકનો મુસદ્દો અંગ્રેજીમાં ડા. સોમપુરા દ્વારા તૈયાર પણ થયો; તે શેઠ શ્રી. કસ્તૂરભાઈ લાલભાઈને ડા. સોમપુરા સાથે જઈ બતાવેલો અને શ્રી મજમુદાર પણ તે જોઈ ગયેલા. તે છપાવવાની વ્યવસ્થાની વેતરણ ચાલતી હતી, તે દરમિયાન ડા. સોમપુરાએ *Vidyā* (Vol. XV, No. 1, August 1971)માં "The Architectural Treatment of the Ajitanatha Temple at Taranga" શીર્ષક હેઠળ પ્રસ્તુત વિષય પર લેખ પ્રકાશિત કર્યો. છપાવ્યા બાદ કેટલોક કાળ વીત્યે મને ઔદાર્યપૂર્વક પ્રસ્તુત લેખની ૨૫ નકલો ભેટ આપી; તેમની આ સજ્જનતાનો અહીં સાભાર ઉલ્લેખ કરું છું.

ડા. સોમપુરાનું અનુમુદ્રણ જોઈ જતાં પ્રારંભમાં જ વાંચ્યું કે તે તો ગુજરાત યુનિવર્સિટીની શિક્ષકોને મળતી અન્વેષણ–ગ્રાન્ટના ફળરૂપે તૈયાર થયો હતો. તેમાં આપેલ ચિત્રોમાંનાં ઘણાંખરાં મારી નેગેટિવો પરથી હતાં,[1] પણ તે તથ્યનો ઉલ્લેખ લેખમાં

---

૧ આમાંના થોડાંક શેઠ આણંદજી કલ્યાણજીની પેઢીના સંચાલક શ્રી ઠાકોર સાહેબનાં છે. આ વાતની નોંધ ડા. સોમપુરા અને મારા આગામી પ્રકાશનમાં 'ઋણસ્વીકાર' માં અંતભાગે

કદાચ સરતચૂકથી રહી ગયો હશે તેમ લાગ્યુ. અમારા બંનેના સંયુક્ત પ્રયાસથી એ જ વિષય પર પુસ્તક તૈયાર થઈ રહ્યાનો નિર્દેશ તેમાં જોવા મળ્યો નહીં. ડા. સોમપુરાએ લગભગ અર્ધા દાયકાથી વિદ્દદ્-લેખન અનુષંગે સ્થાપેલ નવીન, વિમુક્ત પરંપરા હવે વિશેષ સ્થાયી અને સુદૃઢ રૂપ ધારણ કરતી જોઈ આનંદ અનુભવ્યો. ડા. સોમપુરાએ પોતાને આ વિષય પર જે કહેવાનું હતું તે પ્રકાશિત કરી ચૂક્યા હોઈ, મિત્રો તરફથી સૂચના થઈ કે મારે આ મહત્ત્વપૂર્ણ દેવભવન પર કંઈ વિશેષ લખવા જેવું હોય તો લેખરૂપે પ્રકાશિત કરવું. ડા. સોમપુરાનો લેખ વાંચી જતાં મને લાગ્યું કે પ્રસ્તુત વિષય પર વિશેષ કહેવા માટે પૂરતો અવકાશ છે. લેખના આયોજન-સંઘટનમાં 'શાળાકીય' અને 'આભાસી-વૈજ્ઞાનિક' પદ્ધતિને બદલે સરળ, સ્પષ્ટ અને સુવાચ્યતામાં સહાયરૂપ બને તેવાં અભિગમ અને પદ્ધતિ અખત્યાર થઈ શકે તેમ છે તેમ પણ લાગ્યું. પુરાતત્ત્વવિદોનાં લેખન સામાન્યતઃ સ્થૂળ-માન-પ્રમાણ, ને તેમના શિલ્પસ્થાપત્યના આકલનમાં કેટલીક વાર તત્ત્વ-સત્ત્વના અભાવ હોવા ઉપરાંત કલાપ્રેક્ષણ અને રસદર્શન પણ કેટલાક અપવાદો બાદ કરતાં પ્રાયઃ અનુપસ્થિત હોય છે. આથી મારી પોતાની રીતે, શિલ્પીજનની દૃષ્ટિએ આ વિષય પર લખવા વિચાર્યું છે. સરકારમાં સિંહાસનસ્થ વિદ્વાનો કે વિશ્વવિદ્યાલયોમાં મયૂરાસનાસીન વ્યુત્પન્નો જેવું શિલ્પજ્ઞોનું લખાણ અવિકૃત ન કહી શકાય કે પ્રમાણભૂત ન માની શકાય તેવી સમજણ સાથે, તે વાતનો સ્વીકાર કરીને, આ લેખ લખું છું. ડા. સોમપુરાનો વિદ્વજ્જનોચિત લેખ આ લેખનું પ્રેરણાસ્રોત બન્યો હોઈ, એ વાતનો સહર્ષ ઉલ્લેખ સૌપહેલાં કરી લઈ આગળ વધીએ.

સાંપ્રતકાલીન લેખન અને અજિતનાથ ચૈત્ય

અજિતનાથ જિનાલય પર સાંપ્રતકાલીન લેખકો દ્વારા જે કંઈ લખાયું છે તેમાંથી થોડાંકનો ઉલ્લેખ આપણને ડા. સોમપુરાની સંદર્ભસૂચિમાં મળે છે; જેની નોંધ લીધા બાદ મારી સૂચિ આપીશ. સોમપુરા નીચે નિર્દિષ્ટ સાંપ્રતકાલીન ગ્રન્થોનો ઉપયોગ કરે છે :

"Burgess and Cousens : 'Architectural Antiquities of Northern Gujarat'.
Desai M. D. : 'Jain Sahitya-no Samskipta Itihasa
Epigraphia Indica, Volume II [અને]
'Jainatīrtha Sarva Samgraha', Volmue 1, pt. 1"[2].

ઉપર્યુક્ત સૂચિમાં ગ્રંથોનાં મુદ્રણસ્થાન અને છપાઈ-વર્ષ અપાયાં નથી; તેમ જ **જૈનતીર્થ સર્વસંગ્રહના** લેખક અને સમુચ્ચયકાર પં. અંબાલાલ પ્રેમચંદ શાહનું નામ આપ્યું નથી: (અને P. 27 પર તેમનું નામ Amritlal P. Shah તરીકે ઘટાવવામાં આવ્યું છે જે કદાચ કલમદોષથી થયું હશે; તેથી તે અંગે વિશેષ કહેવાની આવશ્યકતા નથી).

આવવાની હતી. ડા. સોમપુરાને જ્યારે મેં તસ્વીરાદિ સોંપ્યું તે પળે તેમાં કેટલીક તસ્વીરો શ્રી ઠાકર સાહેબની નેગેટિવો પરથી છે તે વાતનો ઉલ્લેખ કરવો રહી ગયેલો. ડા. સોમપુરાના લેખમાંથી મારા નામનો છેદ ઊડ્યો ત્યારે શ્રી ઠાકર સાહેબના નામનો પણ દુર્ભાગ્યે અને સહસા લોપ થયો જે બદલ અહીં હું દિલગીરી વ્યક્ત કરું છું.

૨ *Sompura*, p. 3.

પણ અજિતનાથ ચૈત્ય પર તો Burgess–Cousens અને દા. સોમપુરાના લેખની વચ્ચેના ગાળામાં બીજાં પણ કેટલાંક લેખન–પ્રકાશન થયાં છે, જેમાંનાં ઘણાંનો ઉલ્લેખ તેમણે કર્યો નથી. આથી અહીં મારી બનાવેલી તેની સૂચિ પ્રકાશન–સ્થાન આદિ આવશ્યક વિગતો સાથે, છપાયાનાં વર્ષના ક્રમાનુસાર નીચે મુજબ છે :

1 James Burgess and Henry Cousens, *Architectural Antiquities of Northern Gujarat (ASIIS XXXII)*, pp. 115–16, Plts. CVIII–CIX.

2 J. Kirste, " Inscriptions from Northern Gujarat " *Epigraphia Indica*, Vol. II, Calcatta, 1894.

3 મોહનલાલ દલીચંદ દેસાઈ, **જૈન-સાહિત્યનો સંક્ષિપ્ત ઇતિહાસ**, મુંબઈ, ૧૯૩૨, પૃ. ૨૬૪, અને ચિત્ર.

4 Sarabhai Manilal Nawab , *Jaina Tīrthas in India and their Architecture*, Ahmebabad, 1944, pp. 47–48 and figs. 165-171.

5 H. D. Sankalia, *The Archaeology of Gujarat, (Including) Kathiawar*, Bombay, 1942, pp. 112–113.

6 ન્યાયવિજયજી, **જૈન તીર્થોનો ઇતિહાસ**, અમદાવાદ, ૧૯૪૯, પૃ. ૧૯૩.

7 પંડિત અંબાલાલ પ્રેમચંદ શાહ, **જૈન તીર્થ સર્વસંગ્રહ**, ભાગ પહેલો, ખંડ પહેલો, અમદાવાદ, ૧૯૫૩, પૃ. ૧૪૭–૧૪૯.

8 S. K. Saraswati in *The Struggle for Empire, BVB Vol. V*, Bombay Sec., ed. 1966, p. 597.

9 M. A. Dhaky, " The Chronology of the Solanki Temples of Gujarat, " *Journal of the Madhya Pradesh Itihas Parishad*, No. 3, 1961, pp. 58–60.

10 મધુસૂદન ઢાંકી અને હરિશંકર પ્રભાકર શાસ્ત્રી, "કુમારપાળ અને કુમારવિહારો" **પથિક**, ઓકટો. ૧૯૭૦, પૃ. ૫૬–૫૭ અને ૬૬. (આ ઉપરાંત " Jaina Temples of Taranga–A study " by C. K. Shah નામક એક લેખનું અનુમુદ્રણ મારા જોવામાં આવ્યું છે, પણ અનુમુદ્રણમાં તે લેખ કયા સામયિકમાં અને તેના કેટલામા અંકમાં છપાયો છે તેની વિગત છાપી નથી.)

મંદિરના નિર્માતા અને નિર્માણકાળ

પર્વતસ્થ આ તુંગ–ભવ્ય જિનાલયના નિર્માતા તરીકે જૈનધર્માનુરાગી સોલંકીરાજ ગુર્જરેશ્વર કુમારપાળનું નામ પરંપરાથી જોડાતું આવ્યું છે. મંદિરની સ્થાપનાનો મૂળ પ્રશસ્તિ લેખ મળ્યો નથી અને મૂલનાયકની મૂર્તિ તેમ જ પબાસણ પંદરમા શતકના જીર્ણોદ્ધાર વખતના હોઈ, પ્રતિમાની મૂળ પ્રતિષ્ઠાનો લેખ પણ આથી વિલુપ્ત થયો છે.

મંદિર-નિર્માતા સંબંધમાં ડા. સોમપુરાનું અવલોકન આ પળે ટાંકીશું.[૩]

"The temple dedicated to *Ajitanātha* at Taranga is said to have been built during the reign of the *Solankī* king *Kumārapāla* (A.D. 1143-1172). Though temple seems to have been restored and extended several times, it has retained the original form and to a great extent the sculptural wealth over the external walls and internally in *Gūḍhamaṇḍapa* etc. as well.

From the account given in the '*Kumārapāla-pratibodha*' (V.S. 1241) it seems that *Kumārapāla* ordered his minister *(Daṇḍanāyaka) Abhaya*, the son of *Yaśodeva*, to construct this temple.[57] '*Prabhāvaka Carita*', (V.S. 1334) also narrates about the construction of this temple by *Kumārapāla*.[58]

Te [*sic*] arched-pillar (*kīrtistambha*) erected it small cell *(devakulikā)* on the left of the main fortified entrance on the east, contains an epigraphical reference, dated V.S. 1230 (only two years after the demise of king *Kumārapāla*), wherein the name of the aforementioned minister *Abhaya*, who was trusted by the king with the construction work of the *Ajitanātha* temple [occurs]. It reads like this :

'सं. १२३० वर्षे फागण वदि ३ वत्रेग मे अमल(भये)न्द।'

Though no details as to construction of the temple is given here, it definitely commemorates the name of *Abhaya*, under whose direction the temple was erected and probably the date of completion of the work, in memory of which he caused to erect this *kīrtistambha* (memorial pillar).'

57 Somaprabhasūri, 'Kumārpala-Pratibodha', Aryakhaputācharya Kathā. p. 453; M. D. Desai, 'Jain Sahityano Samksipta Itihasa', p. 264. Para 374, p. 275, Para 392.

58 Prabhācandra Sūri, 'Prabhāvakacarita', Shri Hemachandrasuri Prabandha, vv. 720-724, JSI, p. 415, para 599.

ડા. સોમપુરાના ઉપર ટાંકેલ અવલોકન પર કેટલુંક ટિપ્પણ પ્રથમ દૃષ્ટિએ જ આવશ્યક બની જાય છે. પહેલી વાત તો એ છે કે કુમારપાળ આ મંદિરના નિર્માતા હોવાનાં એથી વિશેષ

૩ Ibid, p. 26

વાઙ્મયિક પ્રમાણો ઉપલબ્ધ છે; મંદિરની મિતિ ડા. સોમપુરાએ સૂચવ્યું છે તેમ સં. ૧૨૩૦/ ઈ.સ. ૧૧૭૪ નહીં, પણ તેનાથી ૧૧ વર્ષ પૂર્વની એટલે કે સં. ૧૨૨૧/ઈ.સ. ૧૧૬૫ હોવાનો સંભવ છે; અને મંદિરમાં જીર્ણોદ્ધાર સમયે સમારકામ જરૂર થયું છે, પણ તેને વધારવામાં આવ્યું નથી, કોઈ જાતનો વધારો થયેલો દેખાતો નથી. આ ટાંકણે મંદિરના કારાપક અને નિર્માણકાળ અનુલક્ષે શ્રી મધુસૂદન ઢાંકી અને શ્રી હરિશંકર પ્રભાશંકર શાસ્ત્રીનું અવલોકન ઉપર્યુક્ત હોઈ, તે અહીં અવતારી આગળ વધીશું :[૧]

'તારંગાના ડુંગર પર કુમારપાળે દ્વિતીય તીર્થંકર અજિતનાથનું ઉત્તુંગ ભવન કરાવ્યાનાં સારા પ્રમાણમાં વાઙ્મયિક પ્રમાણો મળે છે. તદ્‌વિષયક કદાચ સૌથી જૂનો ઉલ્લેખ "કુમારપાલ પ્રતિબોધ"માં મળે છે. એમાં કહ્યું છે તે પ્રમાણે જયદેવના પુત્ર દણ્ડાધિપ અભયની દેખરેખ નીચે એ મંદિર તારંગા-પર્વત પર રાજા કુમારપાળે કરાવેલું.[૨૨] 'પ્રભાચન્દ્રાચાર્ય'ના "પ્રભાવકચરિત્ર" (સં. ૧૩૩૩/ ઈ.સ. ૧૨૭૭)માં જણાવ્યા મુજબ કુમારપાળને અજિતનાથની પ્રતિમા પૂજવાથી અજયમેરુ (અજમેર)ના રાજા શાકંભરિનાથ અર્ણોરાજ પર વિજય મળેલો. એ કારણસર આચાર્ય હેમચંદ્રના ઉપદેશથી તારંગા પર અજિતનાથ મૂલનાયકનું બિમ્બ સ્થાપેલું.[૨૩] આ વાત ઉપાધ્યાય 'જિનમણ્ડન'ના 'કુમારપાલપ્રબન્ધ' (સં. ૧૪૯૨/ ઈ.સ. ૧૪૩૬)માં પણ આપી છે.[૨૪] આ મંદિર બાંધ્યાનું વર્ષ "વીરવંશાવલી"માં વિ.સં. ૧૨૨૧/ઈ.સ. ૧૧૬૫ આપ્યું છે.[૨૫] જે વિશ્વસ્ત માનવામાં હરકત જેવું નથી. આ સિવાય 'રત્નમંદિરગણિ'ના 'ઉપદેશતરંગિણી' (આ-સં. ૧૫૧૭/ આ. ઈ.સ. ૧૪૬૧)માં તારંગામાં મહારાજ કુમારપાળે ભવ્ય મંદિર બનાવી એમાં અજિતનાથ સ્થાપ્યાનો ઉલ્લેખ છે.[૨૬] પંદરમા શતકના મધ્યભાગમાં રચાયેલ પંડિત મેઘની "તીર્થમાલા"માં પણ રાજા કુમારપાળે તારંગા પર સ્થાપેલ અજિતનાથની હકીકત નોંધી છે.[૨૭] ને છેલ્લે સત્તરમા શતકના યાત્રી શીલવિજયે પણ પોતાની "તીર્થમાલા"માં એ જ હકીકત કહી છે.[૨૮]

---

૨૨ ચર્ચા માટે જુઓ, દેસાઈ, મોહનલાલ દલીચંદ, "જૈન સાહિત્યનો સંક્ષિપ્ત ઇતિહાસ, મુંબઈ, ૧૯૩૨, પૃ. ૨૬૪.

૨૩ અહીં પણ મૂલ ગ્રંથ તપાસી શક્યા નથી; અમારો આધાર ન્યાયવિજયજીની "ઇતિહાસ" પૃ. ૧૯૩ પર આપેલ નોંધ છે

૨૪ એજન, પૃ. ૧૯૪.

૨૫ એજન, પૃ. ૧૯૫, પાદટીપ

૨૬ એજન.

૨૭ તારણગઢિ શ્રી અજિત જિણિંદ. હરષિંઈ થાપ્યા કુમરનરિંદ;
ચઉદસય-ચુમાલ જિણભૂયણિ અવર રાય તું જનમલિ કવણ ॥ ૨૨ ॥
(જુઓ "પ્રાચીન તીર્થમાલા-સંગ્રહ," ભાગ ૧લો, સંશોધક શ્રી વિજય ધર્મસૂરિ, ભાવનગર, સં. ૧૯૭૮, પૃ. ૫૦).

૨૮ ગઢતારિંગિ અજિતજિણંદ તીરથ થાપ્યું કુમરનરંદ ॥ ૨૯ ॥ એજન, પૃ. ૧૦૩.

---

૧ ઢાંકી—શાસ્ત્રી, પૃ. ૫૬-૫૭ અને ૬૪.

તારંગાના મંદિરમાં કુમારપાળનો લેખ હજી સુધી નથી મળ્યો,[૨૯] પણ મન્ત્રીશ્વર વસ્તુપાલે તારંગા પર્વતની 'અજિતનાથ ચૈત્ય' વિશે નેમિનાથ તેમ જ આદિનાથનાં બિમ્બ સં. ૧૨૮૪/ઈ.સ. ૧૨૨૮ માં સ્થાપ્યાના લેખ મળી આવ્યા છે.[૩૦] એ જ પ્રમાણે આબુના દેલવાડાના મંત્રી તેજપાલ-નિર્મિત લૂણવસહીના વરહુડિયા કુટુમ્બના દેહરી ૩૮ના સં. ૧૨૪૦ના લેખમાં એ કુટુમ્બે તારણગઢના શ્રી અજિતનાથના ગૂઢમણ્ડપમાં આદિનાથ બિમ્બ કરાવ્યાનો ઉલ્લેખ મળે છે.[૩૧] જોકે આ બન્ને ઉત્કીર્ણ લેખોમાં કુમારપાળે એ મંદિર કરાવ્યાનો ઉલ્લેખ નથી, પણ ઉપર ચર્ચ્યાં તે પુરાણાં સાહિત્યિક પ્રમાણો લક્ષમાં લેતાં, તેમ જ મેરુ જાતિનું ભવ્ય મંદિર ક્ષત્રિય રાજા સિવાય બીજો બંધાવી ન શકે એવું વાસ્તુશાસ્ત્રનું વચન જોતાં[૩૨] તારંગાનું મંદિર કુમારપાળે જ બંધાવેલું એમાં કોઈ શક નથી. મંદિરની સ્થાપત્ય તેમ જ શિલ્પની શૈલી પણ કુમારપાળનો કાળ સૂચવે છે."

૨૯ પણ મંદિરના પ્રાંગણમાં રહેલ એક દહેરીમાં આવેલ કીર્તિસ્તંભ પર કુમારપાળના છેલ્લા વર્ષનો સં. ૧૨૩૦ ઈ.સ. ૧૧૭૪નો લેખ હોવાનું પં. અંબાલાલ પ્રેમચંદ શાહે નોંધ્યું છે. (જુઓ "જૈન તીર્થ સર્વસંગ્રહ," ભાગ પહેલો, ખંડ પહેલો, અમદાવાદ ૧૯૫૩, પૃ. ૧૪૭).

૩૦ આ લેખો જુદા જુદા ગ્રંથોમાં પ્રગટ, પુનઃપ્રગટ થયેલા છે; જુઓ શાહ 'સર્વસંગ્રહ પૃ ૧૪૮. જિનહર્ષે વસ્તુપાલ-કારાપિત એ પ્રતિમાઓની નોંધ લેતાં અજિત નાથના એ ચૈત્યને 'કુમારવિહાર' સ્પષ્ટ શબ્દોમાં કહ્યો છે :

श्रीकुमारविहारेऽसौ तारंगानगमण्डने
नाभेयनेमिजिनयोर्जनयामास खत्तके ।।६५५।। (૮૧) પ્રસ્તાવ ૮.

૩૧ જુઓ "શ્રી અર્બુદ-પ્રાચીન-જૈન-લેખસંદોહ (આબુ-ભાગ બીજો)," સં. મુનિરાજ શ્રી જયંતવિજયજી, ઉજ્જૈન વિ. સં. ૧૯૯૪, લેખાંક ૩૫૨, પૃ. ૧૪૨-૧૪૩.

૩૨ *The Aparājitapṛcchā of Bhuvanadevācarya*, Ed. Popatbhai Ambashankar Mankad; *G.O.S.*, CXV, Baroda, 1950, 183/3-8.

એક બીજી વાત એ છે કે પહેલા કહેવાતા 'અભયડ શ્રેષ્ઠી'ના લેખની વાચના દા. સોમપુરાની પહેલાં તે જ પ્રમાણે અક્ષરશઃ પંડિત અંબાલાલ પ્રેમચંદ શાહ દ્વારા અગાઉ અપાયેલી છે, જે વાતનો ઉલ્લેખ સોમપુરા કરતા નથી.[5] અહીં 'અમલ' ને બદલે 'અભય' શબ્દની સૂચિત વાચના શંકાસ્પદ છે. આથી 'અભયડ'નું નામ શિલાલેખમાં "definitely" જણાવેલું છે જ નહીં; અને પ્રસ્તુત લેખની મિતિ સં. ૧૨૩૦/ઈ.સ. ૧૧૭૪ને મંદિરના નિર્માણ પ્રતિષ્ઠાની મિતિ માનવા અંગે કોઈ જ કારણ આમ તો દેખાતું નથી.)

5 "પૂર્વદ્વારથી પ્રવેશ કરતાં ડાબી બાજુએ શ્રી અજિતનાથ મંદિરની સન્મુખ આશરે ત્રણ ફીટ ઊંચાઈવાળી એક દેરીમાં કીર્તિસ્તંભ વિદ્યમાન છે તેના ઉપર કુમારપાલના છેલ્લા વર્ષના સમયનો લેખ આ પ્રકારે વંચાય છે :

"सं. १२३० वर्षे फागण वदि ३, वत्रेण मे अमल(भये)न ।।" (શાહ. પૃ. ૧૪૭)

મંદિરનું તળ અને અંગ-ઉપાંગો

મંદિર ત્રણ સંરચનાઓના સંયોજનથી બનેલું છે : (૧) સાંધાર મૂલપ્રાસાદ, (૨) ગૂઢમંડપ; અને (૩) મુખમંડપ : ચિત્ર ૧ મૂલપ્રાસાદ માટે ડા. સોમપુરા 'Sanctum proper' એવો અનુવાદ કરે છે; પણ પ્રાસાદ સાંધાર જાતિનો એટલે કે પ્રદક્ષિણામાર્ગ-વાળો હોઈ, Sanctum properથી તો પ્રસ્તુત સંદર્ભમાં કેવળ અંતઃસ્થ 'ગર્ભગૃહ' સૂચિત થાય છે; જ્યારે મૂલપ્રાસાદનો વાસ્તવિક અર્થ છે કર્ણપ્રાસાદોથી, દેવકુલિકાઓથી, ભિન્ન એવો 'મધ્ય' કિંવા 'મુખ્ય' પ્રાસાદ. આ પ્રાસાદ જો 'સાંધાર' હોય તો અંદરના ગર્ભગૃહ સમેત, એની સમગ્રતામાં, તે 'મુખ્ય પ્રાસાદ' યા 'મૂલપ્રાસાદ' માનવાનો હોય છે. 'ગર્ભગૃહ' મૂલપ્રાસાદ કહેવાતું નથી. એક બીજી ભૂલ સોમપુરા ગર્ભગૃહ અન્તર્ગત રહેલ "ગર્ભ" ભાગને પણ "મૂલપ્રાસાદ" કહેવામાં કરે છે. "ગર્ભ"નું માન (૧૮ ફૂટ×૧૭ ફૂટ ૪ ઇંચ) આપતે સમયે તેને 'મૂલપ્રાસાદ'નું માન કહે છે![6] મૂલપ્રાસાદનો શાસ્ત્રકારોને અભિપ્રેત છે તેનાથી સોમપુરા જુદો જ અર્થ કરે છે : (વર્તમાન શિલ્પીઓ પણ એવો અર્થ કરતા નથી.)[7]

આ સિવાય ડા. સોમપુરાએ ગૂઢમંડપના "પાર્શ્વ-માર્ગો"ની વાત કરી છે ત્યાં શાસ્ત્રોક્ત શબ્દ 'પાર્શ્વાલિંદો' વાપરવો વધારે ઇષ્ટ છે. એ જ પ્રમાણે 'મુખમંડપ'ને તેમણે 'મહાચતુષ્કી' અને 'મહાશૃંગારચોકી' તરીકે ઘટાવ્યો છે,[8] તેમાં 'મહાચતુષ્કી' શબ્દ યોગ્ય નથી. અહીં "મહા" અભિધાન તો મુખમંડપ ઊંચો અને મોટો હોવાને કારણે તેમણે લગાવ્યું હશે, પણ તેને 'ચતુષ્કી' એટલે કે ચોકિયાળું કહેવું સયુક્તિક નથી; કેમ કે પ્રસ્તુત મુખમંડપ છ ચોકિયાળાંના સંયોજનથી બનેલો છે : (આવા પ્રકારના 'મુખમંડપ'ને જૈન મુનિઓ તેમ જ શિલ્પીજનો "છચોકી" નામથી યોગ્ય રીતે જ ઓળખાવે છે.)[9]

